
वर्ष-10, अंक-164
इन्दौर, बुधवार
11 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

# दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**
हम अपना हर कदम फूंक फूंक कर रखे. हम छाना हुआ जल पिए. हम वही बात बोले जो शास्त्र सम्मत है. हम वही काम करे जिसके बारे हम सावधानीपूर्वक सोच चुके है.
-चाणक्य



इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## शिप्रा नदी को निर्मल एवं प्रवाहमान बनाये रखने सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना के लिए 614 करोड़ 53 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा 614 करोड़ 53 लाख रुपये से सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना का निर्माण कराये जाने का निर्णय लिया गया।

निर्णय अनुसार सिलारखेड़ी जलाशय की ऊँचाई बढ़ायी जाकर जलाशय की जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि की जायेगी। परियोजना में संग्रहित जल से क्षिप्रा नदी को निर्मल प्रवाहमान बनाये रखने तथा चितावद वृहद परियोजना में जल को संग्रहित किया जाकर लगभग 65 ग्रामों की 18 हजार 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। मंत्रि-परिषद द्वारा नर्मदापुरम जिले की डोकरीखेड़ा जलाशय के शेष कमाण्ड एरिया को पिपरिया शाखा नहर से जल उदवहन कर सूक्ष्म सिंचाई पद्धति के लिए 49 करोड़ 94 लाख रुपये, सैंच्य क्षेत्र 2940 हेक्टेयर की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। पिपरिया शाखा नहर की लाईनिंग के पश्चात शेष जल के उपयोग करने के लिए परियोजना का सैंच्य क्षेत्र 2000 हेक्टेयर से बढ़ाकर कुल 12 ग्रामों की 2940 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। मंत्रि-परिषद द्वारा भारतमाला परियोजना अंतर्गत तहसील पीथमपुर, जिला धार में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना अंतर्गत प्रभावित ग्राम जामोदी की भूमि की कलेक्टर गाईडलाईन कम होने के कारण ग्राम जामोदी के किसानों को प्राप्त मुआवजा राशि के अंतर की राशि



का स्पेशल पैकेज प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गईं। स्वीकृति अनुसार ग्राम जामोदी के समस्त 85 भू-धारक के लिए अन्य ग्रामों की भूमि की तुलना में भूमि की कलेक्टर गाईडलाईन कम होने के कारण अंतर की राशि 24 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से 63.581 हेक्टेयर भूमि दोगुना मुआवजा प्रदान किये जाने के लिए राशि रुपये 30 करोड़ 52 लाख का स्पेशल पैकेज प्रदान किया जायेगा एवं 15 करोड 26 लाख (रु 30 करोड 52 लाख का 50 प्रतिशत) का भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जायेगा। यदि भविष्य में स्पेशल पैकेज के अतिरिक्त ब्याज आदि किसी अन्य मद में किसी भी प्रकार का कोई अतिरिक्त वित्तीय भार आता है, उसका वहन एमपीआईडीसी लि. एवं एनएचएलएमएल द्वारा समान रूप से किया जायेगा। मंत्रि-परिषद द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के कुल 36 पदों को समर्पित करने, कुल 18 नवीन पद (संचालक का 01 पद, वरिष्ठ संयुक्त संचालक के 03 पद, उप संचालक के 08 तथा सहायक संचालक के 06 पद) सृजित करने तथा संचालनालय चिकित्सा शिक्षा व संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें कार्यालयों के कुल 636 पदों का संविलियन करते हुए संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा निर्मित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्रि-परिषद द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय सागर में पी.जी. एवं यू.जी. सीट वृद्धि के लिए जिला चिकित्सालय एवं चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के विलय के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी। चिकित्सकीय संवर्ग के लिए पात्रता एवं उपलब्ध रिक्तियां अनुसार चिकित्सा महाविद्यालय में समायोजित किए जाने के लिए एवं जो चिकित्सक समायोजित नहीं हो पाते हैं उन्हें विभाग के अन्यत्र संस्थानों में स्थानांतरित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी। गैर चिकित्सकीय संवर्ग के लिए सम्बंधित चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय एवं संबद्ध अस्पताल में उपलब्ध समेकित पद पर समायोजन किए जाने एवं उक्त की अनुपलब्धता होने पर उन्हें विभाग के अन्यत्र संस्थानों में स्थानांतरित किये जाने को स्वीकृति प्रदान की गयी।

## दलितों को 100 में 5 रुपए मिलते हैं : राहुल



**वर्जीनिया/वॉशिंगटन (एजेंसी)।** राहुल मंगलवार को 2 कार्यक्रम में शामिल हुए। यह फुटेज जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी की है। यहां उन्होंने छात्रों से बातचीत की। अमेरिका दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी ने मंगलवार को आरक्षण पर बयान दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे। फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। दरअसल, वाशिंगटन डीसी के जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी में राहुल से पूछा गया था कि भारत में आरक्षण कब तक चलेगा? इसके जवाब में उन्होंने ये बातें कहीं। इसके बाद भारत में मायावती ने उनके बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा, कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब सही समय होगा। जब आप वित्तीय आंकड़ों को देखते हैं, तो आदिवासियों को 100 रुपए में से 10 पैसे मिलते हैं, दलितों को 100 रुपए में से 5 रुपए मिलते हैं और OBC को भी लगभग इतनी ही रकम मिलती है।

**‘अजित पवार को दूर रखने की महायुति की रणनीति’**

## शरद पवार के करीबी ने खोला बड़ा राज

### चुनाव के बाद का भी तैयार है प्लान

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच राज्य एनसीपी (एसपी) प्रमुख जयंत पाटिल ने सोमवार को एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने आशंका जताई कि बीजेपी और शिवसेना महायुति में शामिल अजित पवार की एनसीपी को चुनावी गठबंधन से दूर रखने का सुझाव दे सकती हैं।



इसके पीछे उनकी मंशा है कि जनता में अपनी गिरती लोकप्रियता को सुधारना है। वे अजित पवार और उनकी पार्टी को चुनावों के बाद फिर से गठबंधन में शामिल होने के लिए कहेंगे। जयंत पाटिल ने कहा, देशभर में बीजेपी की विश्वसनीयता को अजित पवार की एनसीपी को महायुति में शामिल करने के बाद नुकसान हुआ है। इसलिए संभव है कि बीजेपी चुनावों के दौरान अजित पवार की एनसीपी को दूर रहने के लिए कहे, और विधानसभा चुनावों के बाद फिर से गठबंधन में शामिल किया जाए। उन्हें अलग से चुनाव लड़ने के लिए भी कहा जा सकता है और चुनावों के बाद फिर से हाथ मिलाए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि बीजेपी और शिवसेना के नेता एनसीपी और अजित पवार की सार्वजनिक मौजूदगी पर आलोचना कर रहे हैं। बीजेपी और शिवसेना के राज्य नेताओं ने एनसीपी पर आरोप लगाया है कि वह लोकप्रिय ‘लड़की बहन योजना’ का श्रेय ले रही है, जिसमें राज्य की पात्र महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये की सहायता दी जाती है। इस योजना को अजित पवार द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम बताकर प्रचारित किया जा रहा है।

## उत्तराखंड में भूस्खलन से पांच लोगों की मौत



**देहरादून।** उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर सोमवार शाम को हुए भूस्खलन के कारण फंसे तीर्थयात्रियों में से मंगलवार सुबह चार और शव बरामद हुए हैं। जिससे मृतकों की संख्या आज पांच हो गई है। जबकि तीन अन्य को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया है। मृतक और घायलों में पड़ोसी देश नेपाल के साथ, मध्य प्रदेश और गुजरात के यात्री शामिल हैं। राहत और बचाव कार्य अभी जारी है। रूद्रप्रयाग के अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने आज बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे सूचना प्राप्त हुई कि कोतवाली सोनप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत, सोनप्रयाग से लगभग 01 किमी दूर गौरीकुण्ड की तरफ हाल ही में हुए भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में गौरीकुण्ड से सोनप्रयाग की ओर आ रहे कुछ यात्री मलबे में दब गए हैं। सूचना पर पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व डीडीआरएफ की ओर से संयुक्त बचाव अभियान चलाया गया।

## भाजपा नेता के बेटे ने मारी कई गाड़ियों को टक्कर

### दो लोगों ने किया हुआ था नशा

**नागपुर (एजेंसी)।**

नागपुर पुलिस ने मंगलवार को पुष्टि की कि महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले का बेटा ऑडी कार में था, जिसने शहर में कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने उनकी मेडिकल जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि लग्जरी कार में दो अन्य लोग अर्जुन हावेरे और रोनित चिंतनवार भी थे, जो नशे में पाए गए। ऑडी कार बावनकुले के बेटे संकेत के नाम पर पंजीकृत है। सोमवार को हुई घटना के बाद अर्जुन और रोनित को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने संकेत की अभी तक मेडिकल जांच नहीं कराई




है, जो नागपुर के व्यस्त रामदासपेठ इलाके में हुई घटना के बाद भाग गया था। मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, नागपुर पुलिस के डीसीपी राहुल मदने ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया कि राजनीतिक दबाव था और कहा कि संकेत को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। डीसीपी ने कहा, शुरू में हमें यह स्पष्ट नहीं था कि संकेत बावनकुले कार में था या नहीं। अर्जुन और रोनित को हिरासत में लिया गया और उनसे हमें पता चला कि संकेत कल रात उस कार में था। उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

## इजरायली हवाई हमले में कम से कम 40 की मौत

**गाजा सिटी, (एजेंसी)।** दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के अल मवासी इलाके पर हुए इजरायली हमले में कम से कम 40 लोग मारे गए और 60 घायल हो गए। यह जानकारी फिलिस्तीनी प्रसारक अल-अक्सा टीवी ने गाजा नागरिक सुरक्षा आपूर्ति विभाग के प्रमुख के हवाले से मंगलवार को दी। गाजा नागरिक सुरक्षा अधिकारी के अनुसार, इस हमले में शरणार्थियों वाले 20 तंबू ध्वस्त हो गए। प्रसारक के अनुसार, हमले की जगह पर खोज और बचाव अभियान मुश्किल परिस्थितियों में जारी है। बदले में, इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि इज़राइली विमान ने फिलिस्तीनी हमास आंदोलन के कमांड और नियंत्रण केंद्र पर हमला किया था।

## भागलपुर में भाजपा नेता पर हमला

### पहले बम फेंका फिर चाकू से गोद डाला, स्थिति गंभीर

पटना (एजेंसी)। भागलपुर में बेखौफ अपराधियों ने वार्ड पार्षद पति सह भाजपा नेता पर हमला किया है। अपराधियों ने भाजपा नेता सह जिला प्रवक्ता शशि मोदी पर अपराधियों ने बम से हमला कर दिया।



इसके बाद जैसे ही वह जमीन पर गिरे तो अपराधियों ने उनपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। शशि मोदी के गले और सिर समेत शरीर के कई हिस्सों पर हमला किया है। इस घटना में उनके साथी गोलू तिवारी पर भी हमला किया गया है। स्थानीय लोगों ने आननफानन में शशि मोदी को जेएलएनएमसीएच में भर्ती कराया। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना रात के करीब 12 बजे की है। लोग कुतुबगंज स्थित गणेश पूजा पंडाल में घूम रहे थे। तभी नशे में धुत कुछ अवारे लड़के महिलाओं पर फब्तियां कसने लगे। इस दौरान उन बदमाशों ने एक युवक का मोबाइल भी छिन लिया। पंडाल मे मौजूद पार्षद पति शशि मोदी ने यह देखा तो उन्होंने उन नशेड़ियों को रोका, तो वे लड़के इनसे उलझ पड़े। इसके बाद उन लड़कों ने शशि मोदी पर बम फेंक दिए, जिसमें वह घायल हो गये। जमीन पर गिरते भी बदमाशों ने शशि मोदी के गले और सिर समेत शरीर के कई हिस्सों पर चाक़ू से हमला किया।

## तूफ़ान से 65 की मौत

**हनोई, (एजेंसी)।** वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र में प्रबल तूफान यागी और उसके बाद आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या मंगलवार सुबह 65 हो गई, जबकि 39 अन्य लोग लापता हैं। देश के कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि तूफान के कारण 752 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से क्वांग निन्ह प्रांत में 536 और हाई फोंग शहर में 81 घायल शामिल हैं।

## मॉस्को क्षेत्र में ड्रोन हमले में नौ वर्षीय बच्चे की मौत

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के मॉस्को क्षेत्र में सोमवार रात हुए ड्रोन हमले से रामेंस्कॉय में अपार्टमेंट की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और एक बच्चे की मौत हो गई। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

**शिवलिंग पर बिच्छू बताकर फंसे थे**

## शशि थरूर को राहत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यायमूर्ति हृषिकेश की पीठ रॉय और आर महादेवन दिल्ली उच्च न्यायालय के 29 अगस्त के आदेश के खिलाफ थरूर की अपील पर सुनवाई कर रहे थे, जिसने मानहानि मामले को रद्द करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ आपराधिक मानहानि मामले की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। शशि थरूर के खिलाफ मामला 2018 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में उनकी शिवलिंग पर बैठा बिच्छू वाली विवादास्पद टिप्पणी के बाद सामने आया था। न्यायमूर्ति हृषिकेश की पीठ रॉय और आर महादेवन दिल्ली उच्च न्यायालय के 29 अगस्त के आदेश के खिलाफ थरूर की अपील पर सुनवाई कर रहे थे, जिसने मानहानि मामले को रद्द करने की उनकी याचिका खारिज कर दी।थी। थरूर का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील मोहम्मद अली खान ने तर्क दिया कि भाजपा नेता राजीव बब्बर द्वारा दायर मानहानि शिकायत में मूल उद्धरण प्रकाशित करने वाली पत्रिका या प्रारंभिक बयान देने वाले व्यक्ति को मामले में आरोपी के रूप में शामिल नहीं किया गया है।

## अभिनेता जेम्स अर्ल जोन्स का निधन

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** हॉलीवुड के सुप्रसिद्ध अभिनेता, जेम्स अर्ल जोन्स का मंगलवार सुबह न्यूयॉर्क के डचेस काउंटी में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे।

जेम्स अर्ल जोन्स के बेटे मार्क हैमिल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जोन्स की मौत की खबर साझा की इंस्टाग्राम पर उनकी तस्वीर के साथ खबर साझा करते हुये हैमिल ने लिखा, ÷दुनिया के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक जिनका स्टार वॉर्स में योगदान अतुलनीय था।

## सीताराम येचुरी की हालत गंभीर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी वर्तमान में गंभीर स्थिति में हैं और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल में हैं। उनकी सांस की नली में गंभीर संक्रमण हुआ है। पार्टी की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि वह श्वसन सहायता पर हैं। डॉक्टरों की एक बहु-विषयक टीम उनकी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है, जो इस समय गंभीर है। बता दें कि 72 साल के येचुरी को निमोनिया जैसे सीने में संक्रमण के इलाज के लिए 19 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया था। इससे पहले, नेता ने उपचार के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखाई थी लेकिन वह निगरानी में थे। गुरुवार को खबर आई थी कि तबीयत बिगड़ने के बाद सीताराम येचुरी को अस्पताल में वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया है।

एक पारिवारिक सूत्र ने कहा कि उनका एम्स में इलाज जारी है, जहां उन्हें फेफड़ों के संक्रमण के इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की एक टीम उनकी हालत पर नजर रख रही है. येचुरी की हाल ही में मोतियाबिंद की सर्जरी हुई थी।

## सिडनी के एक घर में दो बच्चों के शव मिले

**सिडनी, (एजेंसी)।** सिडनी के पश्चिम में एक घर में मंगलवार को दो बच्चों के शव मिले, जबकि एक महिला को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस ने कहा कि अधिकारियों को फॉल्कनब्रिज के एक घर में आज स्थानीय समयानुसार दोपहर 12¬40 बजे दो बच्चों और एक महिला के संदिग्ध हालत में पड़े रहने की सूचना दी गयी। जो ब्लू माउंटेन क्षेत्र में सिडनी के केंद्रीय व्यापार जिले से लगभग 77 किलोमीटर

## कन्नड़ स्टार ने जबरन नॉनवेज खिलाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 9 जून, 2024 को बेंगलुरु में नाले के पास एक डेड बॉडी मिली। किसी डिलीवरी बॉय ने डेडबॉडी को देखा, तब कुत्ते उसे नोंच रहे थे। ये डेडबॉडी रेणुकास्वामी की थी, जिसे 200 किमी दूर चित्रदुर्ग से अगवा किया गया था। जांच आगे बढ़ी तो मर्डर की साजिश में कन्नड़ फिल्म स्टार दर्शन का नाम आया। उसकी दोस्त और एक्ट्रेस पवित्रा भी मामले में आरोपी है। रेणुकास्वामी दर्शन का फैन था। उसके मर्डर केस में कुल 17 आरोपी हैं। पुलिस ने 3 सितंबर को 3991 पेज की चार्जशीट दायर की है। केस से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक, इसमें सबूत के तौर पर वीडियो फुटेज और चैटिंग को शामिल किया है। दैनिक भास्कर को ये चार्जशीट मिली है। चार्जशीट में रेणुकास्वामी के मर्डर से पहले टॉर्चर का भी जिक्र है। दर्शन ने भी उसे बुरी तरह पीटा था। ब्राह्मण होने के बावजूद उसे जबरदस्ती नॉनवेज खिलाने की कोशिश की। सीने पर लात मारकर उसकी पसलियां तोड़ दीं। उसके जूतों पर रेणुकास्वामी का खून भी मिला है।

## संपादकीय

# भारतीय अर्थव्यवस्था की हकीकत



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मासिक रिपोर्ट ने भारतीय अर्थव्यवस्था को उजागर किया है। सरकार द्वारा चमचमाते विकास और सफलता की कथा कहानियों का सच ओर उसके पीछे छिपी वास्तविकता का काला सच सामने आ गया है। रिपोर्ट से पता चलता है, देश की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। समाज के सभी वर्गों को बड़ा आर्थिक नुकसान हो रहा है। मध्यम वर्ग में बिकने वाली कारों की बिक्री में भारी गिरावट आई है। रिपोर्ट में कारों की बिक्री में तेज गिरावट को लेकर चिंता प्रकट की गई है। पिछले कई महीनों में कारों की वेटिंग लिस्ट खत्म हो चुकी है। अब कारें सीधे बाजार में उपलब्ध हैं। 8 लाख से ज्यादा कारें डीलरों के पास स्टॉक में है। भारी डिस्काउंट के बाद भी कारों के खरीददार नहीं हैं। कंपनियों ने डीलरों के लिए 60 दिन की लिमिट को बढ़ाकर 90 दिन कर दिया है। जिसका सीधा अर्थ है कि मांग में भारी कमी है। अगस्त के महीने में कारों की बिक्री में 8 फीसदी की गिरावट आ गई है। यह गिरावट ऐसे समय में आई है। जब त्योहारों का सीजन था। आने वाले महीनो में स्थिति ओर भी खराब होगी। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है, यह स्थिति उपभोक्ताओं की घटती क्रय शक्ति का नतीजा है। लोगों के पास नई कार खरीदने के लिए मार्जिन मनी के रूप में भी पैसे नही हैं। उन्हें अपने खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है। उच्च ब्याज दरें और बढ़ती महंगाई घटती आय इसके प्रमुख कारण हैं। जिसके चलते लोग अब कर्ज लेने से बच रहे हैं। ऑटोमोबाइल कंपनियों ने कार का उत्पादन बंद कर दिया है। जिसके कारण छटनी का खतरा भी पैदा हो गया है। लोगों की आर्थिक हालत इतनी खराब हो गई है। उन्हें सोना गिरवी रखकर लोन लेना पड़ रहा है। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में सोना गिरवी रखकर लोन लेने वालों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 39 फीसदी की व्रद्धि हुई है। यह आर्थिक संकट की वास्तविक स्थिति को बताता है। सोना भारतीय समाज में एक सामाजिक सुरक्षा के रूप में महिलाओं के पास रखा जाता है। अब लोगों को सोना गिरवी रखकर चिकित्सा खर्च, बच्चों की शिक्षा और घर-गृहस्थी के अन्य खर्चों के लिए सोना गिरवी रखकर अथवा बेचकर काम चलाना पड़ रहा है।

## चिंतन-मनन

# क्या हैं आध्यात्मिक होने का अर्थ

यह प्रश्न किसी भी जिज्ञासु के मन में उठ सकता है कि हमें ठीक-ठीक ऐसा क्या करना चाहिए ताकि वह जो परम है, जो परमेश्वर है,



वह मेरे जीवन में घटित हो सके? सदगुरु इसका उत्तर देते हैं कि अध्यात्म भीगी बिल्लियों के लिए नहीं है, क्या तुम समझ रहे हो? तुम अपने जीवन में और कुछ भी नहीं कर सकते हो, लेकिन सोचते हो कि मैं आध्यात्मिक हो सकता हूँ, ऐसा नहीं है। अगर तुम इस संसार के किसी भी काम को अपने हाथ में लेकर कर सकते हो, फिर तुम्हारे आध्यात्मिक होने की एक संभावना पैदा हो सकती है, अन्यथा नहीं। अगर तुम्हारे पास इस संसार के किसी भी काम को लेकर और अच्छी तरह से करने की शक्ति और साहस है, तब तुम संभवतः आध्यात्मिक हो सकते हो। यह उन लोगों के लिए नहीं है, जो कुछ भी नहीं कर सकते। अभी, पूरे देश के मन में यही बैठा हुआ है, संभवतः पूरे संसार के मन में, कि वे निकम्मे और नालायक लोग, आध्यात्मिक लोग होते हैं, क्योंकि वे तथाकथित आध्यात्मिक लोग वैसे ही हो गए हैं। वे लोग जो किसी भी चीज को करने के लायक नहीं हैं, वे बस यही करते हैं कि एक गेरुआ वस्त्र पहन कर और किसी मंदिर के सामने बैठ जाते हैं; उनका जीवन सँवर जाता है। यह अध्यात्म नहीं है, यह वर्दी पहनकर बस भीख माँगना है। अगर तुम्हें अपनी चेतना पर विजय प्राप्त करनी है, अगर तुम्हें अपनी चेतना के शिखर पर पहुँचना है, वहाँ एक भिखारी कभी नहीं पहुँच सकता। दो तरह के भिखारी होते हैं। गौतम बुद्ध तथा उस स्तर के लोग उच्चतम श्रेणी के भिखारी हैं। दूसरे सभी निपट भिखारी हैं। मैं तो कहूँगा कि एक सड़क का भिखारी तथा राजगद्दी पर बैठा हुआ एक राजा, दोनों ही भिखारी हैं। वे निरन्तर बाहर से कुछ माँग रहे होते हैं। सड़क का भिखारी हो सकता है कि पैसा, भोजन या आय माँग रहा हो। राजा हो सकता है कि किसी दूसरे राज्य पर विजय, खुशी या कुछ इस तरह की अनर्गल चीजें माँग रहा हो। क्या तुम देखते हो, हर व्यक्ति किसी न किसी चीज की भीख माँग रहा है- गौतम बुद्ध ने केवल अपने भोजन के लिए भिक्षा माँगी, शेष चीजों के लिए वे आत्मनिर्भर थे। दूसरे सभी लोग, बस एक ही चीज के लिए भीख नहीं माँगते, अपना भोजन भीख में नहीं माँगते, बाकी सभी चीजों के लिए भीख माँगते हैं। उनका पूरा जीवन ही भीख माँगना है। केवल भोजन अर्जित करते हैं। लेकिन एक आध्यात्मिक व्यक्ति, केवल भोजन के लिए भिक्षा माँगता है।

# हिंदी दिवस

## व्यंग्य

ओपीडी में बैठा था कि एक मक्कार मानस नुमा , झूठ-प्रपंच शिरोमणि,मेरे दूर के रिश्तेदार और एक फ्रॉड संस्था में उच्च पद पर काबिज एक महाशय चैंबर में आ धमके। सुबह सुबह आयी इस पनौती से आज दिन भर का ओपीडी प्रभावित होने की आशंका से ही मन खिन्न सा हो गया। क्या करें? दूर के रिश्तेदार से वैसे मैं दूरी बनाकर चलता हूँ, दूर के रिश्तेदार और सड़क पर सांड कब पटखनी दे दे, कह नहीं सकते। कई बार अपनी पटखनी दिला भी चुका हूँ।

खैर, आशा के विपरीत आज तो महाशय एक आमंत्रण कार्ड साथ में लेकर आये ।आमंत्रण था 'चौदह सितम्बर' को 'हिंदी दिवस' पर वो भी मुख्य अतिथि के रूप में। न जाने कैसे उन्हें पता लग गया था कि मैं आजकल हिंदी में लिखने लग गया हूँ।लेकिन हिंदी में लिखने मात्र से ही मैं हिंदी का खेवनहार तो नहीं बन गया। मुझे मालूम है,अभी भी हिंदी भाषा के ज्ञाता के रूप में मैं अपने आपको पहली क्लास का विद्यार्थी मानता हूँ। हिंदी के प्रकांड विद्वान मेरे शहर में मौजूद हैं । कई शिक्षक हैं जो रिटायर्ड हो चुके हैं, उनसे आज भी मैं मिलता हूँ । गाहे बगाहे उनके साथ हिंदी भाषा के इस प्रकार से हिंदी हो जाने का दुःख साझा कर लेता हूँ । लेकिन उन सभी को छोड़कर मुझे क्यूँ आमंत्रित किया जा रहा था ,ये थोड़ा समझ से परे था ।

मैंने जिज्ञासावश पूछ ही लिया, अच्छा और कौन कौन आ रहे हैं?

बोले, बस दो ही हैं अतिथि हैं ,एक तो आप हैं और दुसरे एसडीएम साहब हैं , उन्हें भी हिंदी से विशेष लगाव है। हिंदी कवि सम्मेलनों में आतिथ्य ग्रहण करते रहते हैं।मुख से हिंदी जब बोलते हैं तो ऐसा लगता है जैसे मधु टपक रहा हो । 'मैं सोच रहा था हिंदी क्या मुख के अलावा कहीं ओर से भी बोली जा सकती है ।

उन्होंने अपनी बात जारी रखी संस्था के सोसाइटी में पंजीयन में भी उन्होंने हमारी सहयता की थी ।उन्होंने कहा था की आप लोग हिंदी के लिए भी कुछ करिए । बस तभी से हिंदी के उद्धार में लगे हुए हैं । हमारी संस्था तो हिंदी के प्रति बहुत समर्पित है, हर बार हिंदी दिवस मनाते हैं, बच्चों से हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता ,विचार संगोष्ठी ,बैनर,पोस्टर प्रतियोगिता, हिंदी अन्त्याक्षरी आदि करवाते हैं।

मैंने कहा, सेवानिवृत्त हिंदी शिक्षकों को क्यूँ नहीं बुलाते, उन्हें सम्मानित करें? वो मेरे इस अप्रत्याशित प्रश्न पर थोड़ा झिझके फिर अपने आपको सम्भालते हुए बोले, अरे सरकार है न, उनके लिए ।हमने कौन सा उनका ठेका ले रखा है। दरअसल, संस्थाएं डोनेशन से चलती हैं गर्ग साहब । जाहिर है ,जब से इन्हें पता लगा कि शहर के डॉक्टरों को हिंदी का बुखार चढ़ा है, तो संस्थाएं को ये तो सोने पे सुहागा वाली बात हुई, अब हिंदी दिवस भी धूमधाम से मना सकेंगे।

मैंने कहा -लेकिन मुझे तो हिंदी ढंग से बोलना भी नहीं आता ,माफ़ कीजियेगा, लिखते हैं तो वर्तनी अशुद्धी और वाक्य अशुद्धी को ठीक किया जा सकता है।लेकिन बोलने में तो एक बार गया मुहँ से शब्द का तीर फिर कौनसा तुणीर में वापस आएगा नहीं यार हमसे तो कम से कम हिंदी दिवस पर ऐसी हिंदी मत करवाइए

हिंदी में लिखना एक अलग बात है , हिंदी बोलना एक अलग बात ।हिंदी में जिस प्रकार से लोकल भाषाएँ, आंचलिक भाषा, आंग्लिक शब्दों का मिश्रण हुआ है, बोलचाल की हिंदी भाषा बहुत कुछ अलग अंदाज लिए है । ऐसे में अच्छी हिंदी बोलना कम से कम मेडिकल फील्ड के कर्मियों के लिए तो संभव नहीं है ।यहाँ हम जैसे त्रिशंकु बहुत हैं जो





हिंदी और इंग्लिश की डोरी के बीच में टंगे हुए है ,न ढंग से इंग्लिश बोल पायें न हिंदी। लेकिन उन्हें इस बार हिंदी का उद्धार मेरे कर कमलों से ही कराना था ।शायद संस्था में ये कमिटमेंट करके आये थे की अच्छा खासा डोनेशन कबाड़ कर लायेंगे इस बार देख लेना। अगली बार इलेक्शन में उनकी दोबारा पद पर बने रहने की दावेदारी इसी बात पर टिकी हुई थी। उन्होंने कहाँ का आमंत्रित किया ,हमारी तो रातों की नींद खराब हो गयी । भाषण लिखा जाने लगा ,उसे रटा जाने लगा, बीच बीच में कुछ अंग्रेजी के शब्द थे उनका हिंदी में रूपांतरण किया गया । तुरत फुरत हिंदी शब्दकोष मंगवाया गया । अब समस्या आयी की कार्यक्रम के दौरान पहना क्या जाए? हिंदी दिवस पर आप सम्मानित हो रहे हैं तो परिधान भी ठेठ भारतीय होना चाहिए। ऐसा न हो की संस्था वाले हमें सूट-बूट टाई में देखकर बाहर ही कर दें। हिंदी साहित्यकार की एक टिपिकल शक्ल, परिधान और पहचान बना दी गयी है ।खादी का कुर्ता पायजामा, जेब में फाउंटेन पेन, बगल में झोला। खैर ये सब तो हमने नहीं किया बस चल दिए खचाखच भरे ओ पि डी से नजरें बचाते हुए ।

मैं रास्ते से जा रहा था तो देखा एक बुढ़िया लंगड़ाती हुई जा रही थी। मैंने कहा, क्यूँ बीच सड़क पे चल रही हो माई ? जरा साइड में चलो न, कोई भी टक्कर मार कर गिरा जाएगा।

बोली, बेटा,पहचाना नहीं ,में हिंदी ही हूँ ,जिसके स्वागत सम्मान समारोह में तू जा रहा है ।आज तो मुझे बीच रास्ते पर चलने दे ।साल भर किनारे पर ही तो चल रही हूँ , सभी ने मुझ से किनारा कर लिया । देख मेरी टांग ,कैसे टूटी पडी है ! सब मुझ पर हँसते हैं । ये सही नहीं है , तुम भी चल दिए मुझे बेअआबरू करने।बस मेरी हालत बिल्कुल घर की माताओं जैसी हो गई है। साल के तीन सौ चौंसठ दिन तो मुझे भूल ही जाते हैं, बस एक दिन का मदर डे और एक दिन का हिंदी दिवस । बाकी दिन तो कोने में पड़ी अलमारियों की हिंदी की किताबों की धूल में पड़ी सिसकती रहती हूं।

मेरे कितने ही बेटे आज हर गाँव और शहर में ही अतीत के पन्नों की तरह भुला दिए गए। वो बेटे जिन्होंने मुझे संभाला,मुझे सहारा दिया,मेरी अस्मिता की रक्षा को तत्पर रहे ! कितने ही आक्रमण मैंने झेले हैं,सनातन काल से आताताइयों ने अपनी संस्कृति और भाषा की मार से मुझे घायल किया है । लेकिन इन बेटों ने अपनी लेखनी के सतत प्रवाह से मुझे अक्षुण रखा । स्वतंत्रता के बाद मुझ में एक आशा जगी थी की ,अब मेरी सुध लेने वाली सरकार बनी है । लेकिन खानापूर्ती के सिवा क्या हुआ है , बस ऑफिस बना दिए,भाषा बिभाग बना दिया, सरकारी स्कूलों में हिंदी पखवाडा मना कर सरकार अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लेती है । सुर में सुर मिला रहे किसी भाई भतीजे को हिंदी का खेवनहार घोषित कर सरकार बस एक शाल, ताम्र पत्र और नारियल देकर उन्हें सम्मानित कर लेती है। सच पूछे तो अगर किसी योग्य व्यक्ति को मिल भी जाए तो ताम्र पत्र को बेचकर कितने दिन की रोटी राशन घर में ला सकता है।

हिंदी माता की साँसे उखड़ने लगी थी, कमर जो झुकी हुई थी और झुक गयी थी । मैंने उसे सहारा देकर पहले सड़क से साइड में बिठाया और इत्मीनान से उसकी आगे की रामकहानी सुनने की इच्छा जाहिर की ।

मुझे बोलने वाले को हीन भाव से देखा जाता है ।नौकरी, कम्पीटीशन सभी जगह हिंदी भाषी पिछड़ा हुआ है । क्या मैं सिर्फ कवियों, लेखकों की भाषा ही रह गई हूँ? कब मुझे असल में मातृभाषा का दर्जा मिलेगा? या सिर्फ माता बनाकर आले में रखके पूजा जाना बस येही मेरी नियति है । एक दिन के लिए झाड़ पोंछकर अगरबत्ती जला दी जाएगी और बच्चों को दूर से दिखाया जाएगा, देखो बेटा, इसे कहते हैं हिंदी। ये भी एक भाषा है, ये कभी हमारे पुरखों की भाषा हुआ करती थी, इंकलाब की भाषा, क्रांति की भाषा। जगत जननी की इस भाषा को आज बस्ते में ढेरों कोर्स किताब के बीच में एक कुंजी के रूप में जाना जाता है।

हिंदी माता से मैं आँखें नहीं मिला पा रहा था। अब मेरे कदम भारी हो गए थे, चलना मुश्किल हो रहा था। सोच रहा था कि वापस लौट चलूँ। इस हिंदी दिवस पर थोथे भाषणबाजी और शोबाजी से दूर , माला माइक मंच और सम्मान से क्या निश्चित मेरा कोई योगदान हो सकता है? कदापि नहीं। इससे बढ़िया तो आज इस दिवस पर मेरे बेटे को कोई पुस्तक प्रेमचंद ,महादेवी वर्मा, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ,जयशंकर प्रसाद. सुमित्रानंदन पंत की भेंट करूँ और कहूँ, बेटा, एक बार ये पढ़ना शुरू कर, हिंदी के प्रति अपने बच्चों का रुझान बढाने से बढ़कर शायद हिंदी का कोई सम्मान नहीं हो सकता ।

**डॉ मुकेश असीमित**

# अगलों जनम मोहे डागीजी को ही दीजो...

किसी को? भी सीधे कुत्ता बोलना बहुत मंहगा पड़ जाता है, किंतु अब आदमी और और बच्चों के भी नाम घरेलू कुत्तों के नाम की तर्ज पर रखे जा रहे हैं, इससे बड़ा फायदा हुआ है कि जो नाम पहले गाली मानी जाती थी या बुरा लगता या अपमान हो जाता था,वह अब समय के साथ सोच बदल गया अर्थात कुत्ते के नाम ही व्यक्तियों को प्यारा या मनभावन लगता है,जिनके नाम अनगिनत हैं, किंतु बहरहाल डागी नाम से ही आगे बढ़ते हैं। अपनी गली में कुत्ता भी शेर बन जाता है और आए दिन दूसरे कुत्तों और मनुष्यों पर भौंक कर डराता है। स्थिति यह है कि आजकल के कुत्ते तो कुत्ते के मुंह नहीं लगना चाहते, किंतु मनुष्य कुत्तों के भौंकने को लेकर ही आपस में कुत्ते जैसे भिड़ जाते हैं । आजकल मानव से



## व्यंग्य
## तीसरी आँख

ज्यादा मजे में पालतू कुत्ते हैं, जो मुझे अपने मित्र के घर पर देखने को मिला । पहले तो वो मुझ पर भोंका,तो मैं सावधान मुद्रा में खड़ा रहा, क्योंकि वहां लिखा था कि कुत्ते से सावधान।अंदर जाते ही परिजनों से हुई चर्चा में कुत्ते की बात ज्यादा हुई,जिसे मैं भी सुनता रहा, क्योंकि वे सभी लोग कुत्ते से जबरदस्त प्यार कर रहे थे। मुझे ऐसा लगा कि कहीं मैं दाल-भात में मुसलचंद तो नहीं बन गया? मुझे तो ऐसा लग रहा था कि जितना वे आपस में या एक दूसरे से प्रेम नहीं नहीं करते होंगे, उससे अधिक प्रेम उस कुत्ते या डागी से करते दिखे तथा नाम से पुकार कर उसे हर कोई कुछ न कुछ खिला पिला रहा था। मैंने बिदाई ली,तो मुझे आटो स्टेंड पर छोड़ने के लिए जैसे घर से बाहर निकले, डागीजी बाहर आते हैं और हम बैठे उसके पूर्व डागीजी के गाड़ी में बैठने के बाद में ही मुझसे बैठने के लिए कहा । कुत्ते की खातिरदारी देखकर मुझे ख्याल आया कि घर छोटा और कमजोर आर्थिक स्थिति के हमको कुत्ता नहीं पालना है, बल्कि प्रभु से यही प्रार्थना करें कि मोहे तो अगलो जनम कुत्ता को ही दीजो, ताकि किसी धनवान के घर मौज-मस्ती से जीवन बिताने के साथ लोगों का जबरदस्त प्यार भी मिल सके,क्योंकि मानवों के बीच रहकर भी देख लिया।

**बी एल शर्मा अकिंचन तराना-उज्जैन**

# बलात्कार की घटनाओं से तुम्हें विचलित नहीं होना है मेरे पुत्र....

## व्यंग्य

प्रिय पुत्र

स्नेहाशीष!

तुम्हाशरी मां बता रही थी कि टीवी और अखबारों में बलात्कांर के समाचार देखकर तुम , व्यथित हो जाते हो। तुम्हीरी आँखों से आँसू टपकने लगते हैं।

ये सब गलत है। मैंने शहर तुम्हीं पढ़ने भेजा है , बलात्क्र की घटनाओं पर आँसू बहाने के लिए नहीं। तुम्हारी उम्र अभी कम है, इसलिए ऐसा हो रहा है। कम उम्र के इंसान को इस तरह की घटनाएं दुखी करती ही हैं। वह बात-बात पर दुखी होता है। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ इस तरह के खौफनाक दृश्यों को देखने की उसे आदत पड़ जाती है। भीष्म पितामह को देखो, लंबी उम्र की वजह से उन्हें कैसे-कैसे दृश्यं नहीं देखने पड़े? फिर अंत में वे स्थितिप्रज्ञ हो गए...चीरहरण, युद्ध, मृत्यु ज किसी का कोई प्रभाव नहीं।

तुम्हें भी ऐसे दृश्यों से विचलित नहीं होना चाहिए। नामालूम आगे और कैसे भयावह सीन देखने पड़ें? बेशर्म होकर अपनी चमड़ी मोटी कर लो। अपने महान नेताओं से कुछ सीखो । दुखी होने का तुम्हें. बस नाटक करना है। घड़ियाली आँसू बहाने वाली कहावत ऐसे ही समय के लिए बनाई गई है।

पुत्र! इन दिनों मुल्को के सारे नेता फूट-फूटकर रो रहे हैं। आँसुओं की भी दो कैटेगिरी हो गई है। सत्तापधारियों के आँसुओं की तासीर, सत्तोकामियों से अलग है। सत्तिा, बचाने और पाने के लिए निकलने वाले आँसुओं में भिन्निता स्वा?भाविक है। सत्तापक्ष के आँसू, आँखों में लकीरों सरीखे दिखते हैं जबकि विपक्ष की आँखों में ये सैलाब की तरह बहने लगते हैं। मुझे तो पक्ष और विपक्ष में बँटे प्रबुद्धों का भी यही हाल दिखता है। सारे प्रबुद्ध, अशुद्ध हो चले हैं।

एक पिता अपनी बलात्काखरित पुत्री की मरी हुई लाश को भरपूर-नजर देख नहीं पाया। उसका तथाकथित अंतिम संस्काखर, टॉप प्रायारिटी में कर दिया गया। शिकायत की तो जिंदा लाशें बोलीं , ' हमने हर एंगल से आपकी बेटी का वीडियो बना दिया है । आपको पेन-ड्राईव में दे देंगे, फिर जिन्दोगी भर देखते रहिएगा...।'जिंदा लाशें, वीडियोग्राफरों को निर्देशित कर रही थीं, 'हां, लाश को थोड़ा इधर घुमाओ....थोड़ा बाएं...हाँ ठीक..करेक्टश..। थोड़ा दाएं लो...चोट तो नहीं दिख रही है ना? अरे इधर वाली बॉडी नहीं दिखाना है, मेरे बाप। मरवाएगा साला। उधर वाली दिखा... उधर वाली। हां..वाह.. शाबाश..गुड! ठीक है बाकी एडिट कर लेंगे।'

मेरे पुत्र! जरूरत इन घटनाओं से दुखी होने की नहीं, बल्कि इनसे अभ्य स्त. होने की है। ये तो शुरूआत है। अभी तुम्हीं काफी कुछ देखना है। बेशर्मी , धीरे-धीरे आदत में आ जाएगी। उम्र यही कुछ तो सिखाती है।

थोड़ा लिखा है ज्यादा बाँचना।

तुम्हारर पिता

**डॉ. प्रदीप मिश्रडी-1**
**रामविहार सतना , म.प्र.**
**9827063496**

# हमें गर्व है हिन्दी पर

हम लोग वर्ष के 365 दिन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दिवसों को मिलाकर एकाध हजार दिवस तो मना ही लेते होंगे। कभी मूर्ख दिवस तो कभी ज्ञान दिवस, कभी बीमारी दिवस तो कभी स्वास्थ्य दिवस, ऐसे ही कभी दाद दिवस तो कभी खाज दिवस, आज फलाना दिवस तो कल ढिकाना दिवस अर्थात हर दिन कोई ना कोई दिवस तो होता ही है। कभी-कभी तो एक ही तारीख में दर्जनभर दिवस आ जाते है।

किन्तु केलेण्डर की तारीख को दिवस घोषित करवाना भी कोई खेल नहीं है। अब हमारी हिन्दी को ही देख लो, देश में अँग्रेजी-सत्ता परिवर्तन के पश्चात भी सरकारी कामकाज में अँग्रेजी का ही वर्चस्व होने के बावजूद, इसे हिन्दी का जुझारूपन ही तो कहेंगे कि 14 सितम्बर को उसने अपने लिए दिवस घोषित करवा लिया। हमारे देश में कहा जाता है कि ÷कोस कोस पर पानी बदले, चार कोस पर वाणी।÷ देश में इतनी भाषाएँ है कि गिनती मुश्किल है। इन ढेर सारी भाषाओं में से हमारी हिन्दी-भाषा कितनी भाग्यशाली है कि 14 सितम्बर का पूरा-का-पूरा दिन उसके नाम कर दिया गया। हिन्दी की यह उपलब्धि बिलकुल वैसी है जैसे कुलीन लोगों के क्रिकेट-खेल की राष्ट्रीय टीम में किसी निर्धन का चयन हो जाए।

हमे गर्व होना चाहिए कि अँग्रेजी भले ही सरकारों की कामकाजी भाषा हो किन्तु राजभाषा का दर्जा तो हमारी हिन्दी को ही प्राप्त है। इसी प्रकार गर्व तो हमे इस पर भी करना चाहिए कि नेताओं के बच्चे भले ही प्रायवेट कान्वेंट स्कूल में पढ़ते हों किन्तु देश के हर सरकारी स्कूल में हिन्दी माध्यम से शिक्षा दी जाती है।

देश में कानून की भाषा हो या चिकित्सकों की, उच्च शिक्षा की, या पारिजात वर्ग की, सब जगह भले ही अँग्रेजी का बोलबाला हो किन्तु गर्व का विषय तो यह भी है कि देश में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा हमारी हिन्दी ही है और क्या फर्क पड़ता है यदि नौकरियों में अँग्रेजी बोलने वालों का चयन आसानी से होता हो। हमे संतुष्टि तो इस बात की भी है कि बॉलीवुड के कलाकार अपने साक्षात्कारों के दौरान भले ही हिन्दी में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी अँग्रेजी में देते हों किन्तु आसमान पर बैठे ये तथाकथित सितारों को फिल्मी पर्दे पर तो झक-मारकर हिन्दी ही बोलना पड़ती है।

हम और हमारी हिन्दी दोनों कितने सहिष्णु और उदार है इसका उदाहरण अभी कुछ दिन पूर्व ही संसद में देखने को मिला था, जब एक काले अंग्रेज़ सांसद ने सदन में देश के पूरे हिन्दी-क्षेत्र को ही गोबर की संज्ञा दे डाली थी किन्तु हम यह मानते हैं कि उनके इस बयान से हिन्दी या हिन्दी-भाषियों का कोई अपमान नहीं हुआ था बल्कि उनके दिमाग में भरे गोबर का ही खुलासा हुआ है।

अब देखिये ना, दयारामजी की पदस्थी एक सरकारी कार्यालय में हिन्दी-अधिकारी के रूप में है और वे पुराने जमाने के हिन्दी मीडियम के पढे-लिखे व्यक्ति है, उन्हे अँग्रेजी का कार्यसाधक ज्ञान उतना ही है जितना उनके सहकर्मियों को हिन्दी का।

वे हिन्दी-भाषा के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य करते है। जैसे, कार्यालय में कितने पत्र हिन्दी में लिखे गए, कितने अँग्रेजी में, हिन्दी पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया गया है या नहीं, कार्यालय में उपयोग आने वाली सीलें हिन्दी में बनी या नहीं। इसके अतिरिक्त सबसे महत्वपूर्ण कार्य यह कि वर्ष में एक बार 14 सितम्बर के आसपास हिन्दी-सप्ताह का आयोजन करवाना, जिसमे कार्यालय के स्टाफ की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, उनके चाय-नाश्ते की व्यवस्था करना, हिन्दी-सप्ताह से संबन्धित समाचार सभी अखबारों में प्रकाशित करवाना भी हिन्दी अधिकारी होने के नाते उन्ही का दायित्व होता है। इन सब कार्यकलापों का विधिवत रिकॉर्ड रखना और इन सब कार्यकलापों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में मासिक, त्रेमासिक और वार्षिक रिपोर्टिंग सरकार को भिजवाना, उनकी विशेष ज़िम्मेदारी है, ताकि सरकार देश की जनता को बता सके की वह हिन्दी के विकास के लिए कितनी गंभीरता से प्रयासरत है। उनके इस रिकॉर्ड का वार्षिक निरीक्षण भी एक उच्च-स्तरीय संसदीय समिति द्वारा किया जाता है जिसके कुछ सदस्य तो अनपढ़ या केवल साक्षर होते है। निरीक्षण के दौरान इस समिति की आवभगत और भेंटपूजा की सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी



दयारामजी के कंधों पर ही होती है।

दयाराम जी प्रायः अपने सहकर्मियों को चीन, जापान, जर्मनी, अमेरिका या फ़िजी और इस्राइल, नेपाल के उदाहरण देते हुए कहा करते हैं कि किसी भी देश को, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, उसे एक सूत्र में बांधने के लिए और उसके विकास के लिए, उसकी अपनी भाषा होना आवश्यक है।

फिर निराशा में कहते हैं कि हमारा ही एक अनोखा देश है जिसे अंग्रेजों से छुटकारा मिले 77 वर्ष अवश्य हो गए है किन्तु भाषा की परतंत्रता आज भी जारी है। वैसे तो दयारामजी हिन्दी को राष्ट्रभाषा होने का वास्तविक सम्मान दिलवाने के लिए पूर्ण समर्पित हैं किन्तु उन्हे खाली समय में हिन्दी किताब की मदद से अँग्रेजी सीखते हुए और अँग्रेजी बोलने का अभ्यास करते हुए भी देखा जा सकता है।

**सुरेश रायकवार**
**152ए गोयल नगर**
**इंदौर**

# मजबूरियां

क्या सबों के साथ ऐसा ही होता है ? उम्र ढलने के साथ मां बाप से दूरी बनाए रखने को ही उचित समझते हैं बेटे बेटियां ?वृद्ध केसर सिंह ने अपने मित्र जवाहर लाल जी से पूछा। हां , पहले तो यही सुनता था, अब अनुभव कर रहा हूं । क्या तुम भी ऐसा ही महसूस कर रहे हो? जवाहर लाल जी का प्रश्न था। तभी तो जिज्ञासा है मेरे मित्र। बेटियां परववश होती हैं, मेरे भाई । उन्हें अपनी इच्छा का दमन करना पढ़ता है।मजबूरियां हैं उनके साथ, पर पुत्र.... बेटों के साथ भी तो मजबूरियां हैं न बेटों के साथ कौन सी मजबूरियां हैं मेरे भाई ? अरे , ऑफिस से लौटने के बाद अपने माता पिता के पास बैठ बात चीत करने से अनेक पत्नियों केमुख के भाव बदल जाते हैं यों कहें कि मुंह लटक जाते हैं। वातावरण का परिवर्तन साफ दिखाई देता है। हां , सो तो है... तो क्या करना चाहिए ? जेहि विधि राखे राम , ताहि विधि रहिए बस इस मंत्र को मन प्राण से अपनाना ....

**हीरा लाल मिश्रा**

## सार-समाचार

### तनाव के चलते दो बेटियों के पिता ने दी जान

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** दो बेटियों के पिता ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जाता है कि युवक ने एक साल पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था। पुलिस को जांच में पता चला कि वह किसी कारण से करीब एक साल से तनाव में था, जिसका इलाज भी चल रहा था। मृतक की पत्नी गर्भवती है। पति की मौत के बाद वह बदहवास हो गई। घटना विजय नगर इलाके की है। पुलिस के मुताबिक सुनील पिता रामचरण (35) निवासी संजय गांधीनगर ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। सुनील के भाई ने शव को देखा तो थाने पर सूचना की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। भाई ने पुलिस को बताया सुनील काफी समय से तनाव में चल रहा था। उसकी दो बेटियां है। पत्नी गर्भवती है। परिवार के लोगों ने बताया कि उसने एक साल पहले भी एसिड पीकर जान देने की कोशिश की थी। वह तनाव के उपचार की दवाई भी लेता था। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### क्रिकेट के बैट से छात्र का सिर फोड़ा

**इंदौर।** निजी कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र का कुछ युवकों ने क्रिकेट के बैट से हमला कर सिर फोड़ दिया। एमआईजी पुलिस ने बताया कि रेनेसां कॉलेज में पढने वाले छात्र की शिकायत पर वहीं के अन्य छात्र के खिलाफ मारपीट को लेकर कसे दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार शिरीष वर्मा निवासी स्कीम नंबर 78 की शिकायत पर परीक्षित ललावत पर मारपीट और धमकाने का केस दर्ज किया गया है। शिरीष ने बताया कि परीक्षित और उसके साथियों ने उसे रोका और कहा कि चौराहे पर डांस करो, गाना गा के बताओ। मना किया तो परीक्षित ने क्रिकेट खेलने के बैट से सिर में मार दिया, जिससे सिर से खून बहने लगा। इस दौरान अन्य दोस्त देवेन्द्र, माहीब और अजय वहां पहुंचे उन्होंने बचाव किया।

### घर में घुसकर किया हमला

**इंदौर।** एक आरोपी ने घर में घुसकर शराब पीने के लिए रूपए देने से मना करने पर उसने युवक पर हमलाकर घायल कर दिया। इसके बाद धमकी देकर फरार हो गया। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक अड़ीबाजी की वारदात अमटर टेकरी तेजाजी मंदिर के पास एक मकान में हुई। यहां रहने वाले फरियादी प्रवीण पिता रामकुमार सिसोदिया की रिपोर्ट पर आरोपी गौरव निवासी पंचम की फेल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसके घर के अंदर आया और धमकाया। बोला कि मुझे शराब पीने के लिए रपूए चाहिए। जब उसे मना किया और कहा कि घर के अंदर कैसे आ गया तो उसने गालियां और मारपीट की। बाद में जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

### रुपयों के विवाद में दुकानदार ने मारी छुरी

**इंदौर।** दुकान पर चाट खाने गए युवक से पैसों को लेकर हुए विवाद में दुकानदार ने उसे पीटा और छुरी से हमलाकर घायल कर दिया। थाना भवरकुआं पुलिस के मुताबिक विवाद सपना संगीता मेन रोड पर हुआ। घायल का नाम शरद पिता मनीराम रजत निवासी एमवाय अस्पताल परिसर है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी अरविंद के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस को फरियादी ने बताया कि आरोपी चाट ठेले वाले ने चाट के पैसों के लेन देन की बात को लेकर विवाद किया और गालियां दी। जब उसे गाली देने से मना किया तो आरोपी ने छूरी मार दी। छूरी उसे हाथ में लगी। जान से मारने की धमकी भी दी। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया।

### शराब के लिए गाड़ी में लगा दी आग

**इंदौर।** राह चलते पिता-पुत्र की गाड़ी बदमाशों ने रोकी और शराब पीने के लिए दो हजार रुपए मांगे,इनकार किया तो उनके साथ मारपीट करते हुए उनकी गाड़ी में आग लगा दी। राहगीरों ने देखा तो दोनों बदमाशों की पिटाई कर पुलिस के हवाले किया। लसूडिया थाने में नीरज राजपूत निवासी नरसिंहपुर हाल मुकाम ड्रीम सिटी तलावलीचांदा की शिकायत पर आरोपी भारत पिता लखन कुशवाह निवासी बापू गांधीनगर और अमीन पिता मोइनुद्दीन अंसारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित नितिन देशमुख और उसके पिता धर्मेंद्र अपनी मोटर साइकिल से अपने घर तलवाली चांदा जा रहे थे। जैसे ही देवास नाका चौराहे पर पहुंचे आरोपियों ने उनकी बाइक को हाथ देकर रुकवाया । आरोपी कहने लगे कि हम यहां के दादा बदमाश है। टेरर टैक्स लगेगा ,नशा करने के लिए दो हजार रुपए दो तभी आगे जा पाओगे। फरियादी पिता पुत्र ने पैसे ना होने की बात कही तो आरोपियों ने मारपीट और छीना झपटी शुरू कर दी। इसी दौरान उन्होंने फरियादी की गाड़ी की चाबी निकाली और टंकी खोलकर गाड़ी में आग लगा दी। यह पूरा नजारा वहां से गुजर रहे लोगों ने देखा तो लोगों ने दोनों बदमाशों को पकड़ा और पुलिस के हवाले किया।

### शादी में बुलाया और महिला से किया दुष्कर्म

**इंदौर।** एक महिला को उसके परिचित ने अपनी बहन की शादी में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में लसूडिया पुलिस ने युवक पर केस दर्ज किया है। आरोपी का नाम मुरली तंवर निवासी मेघदूत नगर है। पीड़िता ने पुलिस को बताया की मुरली से उसका परिचय था, मुरली की बहन की शादी थी तब उसने उसे भी आमंत्रित किया था। वह उसकी बहन की शादी में शामिल होने साहू धर्मशाला बजरंग नगर आई थी। यहीं से मुरली उसे झांसे में लेकर अपने साथ अपने घर ले गया और उसके साथ जोर जबरदस्ती की थी। इसके बाद आरोपी लगातार उसे बदनाम करने की धमकी देकर उसका दैहिक शोषण करने लगा। वह परेशान हो गई तो पुलिस के पास पहुंची।

### दुकानदार ने छात्रा से की हरकत

**इंदौर।** एक दुकानदार के खिलाफ पुलिस ने छेडछाड़ का मामला दर्ज किया है। छात्रा उसके वहां सामान खरीदने पहुंची थी। भंवरकुआं पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम संदीप पिता मुकेश नायक निवासी ब्रह्मपुरी कॉलोनी है । उसकी क्षेत्र में डेली नीड्स दुकान है। दुकान के पास ही हॉस्टल में रहने वाली एक छात्रा उसके यहां दही खरीदने गई थी। इस दौरान आरोपी ने छात्रा को आंख मार कर अश्लील इशारे किए। परेशान होकर छात्रा वहां से लौटी और कमरे पर पहुंची, उसने अपनी वार्डन और सहेलियों को मामले की जानकारी दी जिसके बाद थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### पार्टनर से परेशान होकर दी थी जान

**इंदौर।** करीब एक माह पहले युवक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसके पार्टनर सहित तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। एमआईजी पुलिस के अनुसार पिछले माह राहुल पिता राजेश निवासी कृष्णबाग कॉलोनी ने जहर खाकर जान दे दी थी। इस मामले में पुलिस ने अजीत, जीतू और विक्की परमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी अजीत और मृतक राहुल दोनों साथ ही काम करते थे। दोनों ने मिलकर एक प्लॉट भी खरीदा था। आरोपी अजीत ने राहुल को भरोसे में लेकर उससे बड़ा इन्वेस्टमेंट करवा दिया। उसकी गाडियां बाजार में गिरवी रखवा कर पैसा भी उठवा लिया। जब प्लॉट बिका तो आरोपी ने पैसा देने से इन्कार कर दिया। इस वजह से राहुल परेशान था ।





नगर निगम द्वारा जंजीर वाला चौराहे पर कार्रवाई की गई

# शातिर लुटेरी दुल्हनों का गिरोह पुलिस के शिकंजे में

**इंदौर (मनीष शर्मा)।** अपने नाम एवं जाती बदलकर फर्जी शादी कर धोखाधड़ी से रुपये एवं ज्वेलेरी लेकर भाग जाने वाली शातिर लुटेरी दुल्हन के गिरोह के 4 आरोपियों को क्राईम ब्रांच द्वारा गिरफ्तार किया गया । गिरोह द्वारा देश के कई राज्यो में संभ्रांत परिवार के घर के लडको को निशाना बनाकर षडयंत्रपूर्वक, फर्जी शादी कर रुपये एंव ज्वेलेरी ले कर फरार हो जाती थी ।उक्त आरोपियों द्वारा फर्जी दस्तावेज एवं फर्जी परिवार बनकर कई लोगो को अपना शिकार बनाया गया। इन आरोपियों द्वारा एक के बाद एक कई घटनाओं को अंजाम दिया गया। मामले में जानकारी देते हुए एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राईम ब्रांच की टीम को वरिष्ठ कार्यालय से एक शिकायत आवेदन पत्र जांच हेतु प्राप्त हुआ जिस पर कार्यवाही करते हुए थाना अपराध शाखा पर अपराध धारा 308(6)(7), 319(2), 318(4), 336(3), 340, 61(2) 3(5) बी एन एस का पंजीबद्ध किया गया। जिसमें आरोपियान वर्षा निवासी खातीपुरा इंदौर, सुनीता उर्फ बसंती बाई नई बारौली , बाणगंगा इंदौर, विजय कटारिया निवासी नई बारौली, बाणगंगा इंदौर, रेखा निवासी सिंगापुर टाउनशिप, लसुडिया इंदौर को गिरफ्तार किया ।आरोपियाओं से पूछताछ करते उनके द्वारा बताया गया कि वे सभी लुटेरी दुल्हन गिरोह के सदस्य हैं जिसमें गिरोह के सदस्य आरोपिया वर्षा की शादी आरोपियो नें फर्जी दस्तावेज बनाकर एवं फर्जी परिवार बनकर दीपेश निवासी मुम्बई एवं लक्ष्मण निवासी राजस्थान के साथ फर्जी शादी कर उनसे रुपये एवं ज्वेलेरी ले ली गई । इसी प्रकार वर्षा



नें संदीप से शादी कर उससे भी काफी रुपये एवं ज्वेलेरी धोखे से ले ली गई, आरोपियानों द्वारा कई जगह पर फर्जी शादी कर धोखाधडी की हैं जिसकी विस्तृत जांच की जा रही हैं । आरोपियों से पूछताछ में और भी कई घटनाओं का खुलासा होने की संभावना हैं । आरोपियाओं को गिरफ्तार किया गया है, जिनके विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

### घोड़ी दाना से जुआ खेलते 14 आरोपी धराएं

एक अन्य मामले में बताया जा रहा है कि क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कोतवाली क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के सामने कुछ लोग द्वारा घोड़ी दाना का बहुत बड़े स्तर का जुआ संचालित किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम व थाना कोतवाली के द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए मुखबिर के द्वारा बताए स्थान पर दबिश देते उक्त स्थान पर झुंड लगाकर घोड़ी दाना से हार जीत का जुआ खेल रहे है जिसे टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ पर अपना नाम दीपक ठाकुर निवासी कुलकर्णी का भट्टा इंदौर,रईस चौहान निवासी मल्हार पल्टन इंदौर,ग्यारसीलाल उर्फ गुड्डी अंकल सिंह निवासी डमरू उस्ताद चौराहा इंदौर,मुज्जफर खान निवासी माणिक बाग विजय पेलेश इंदौर, शशिकांत दुबे निवासी परदेसीपुरा, सुरेश तेली निवासी मल्हारगंज इंदौर,राधेश्याम उर्फ बोना बॉस निवासी गोमा की फेल इंदौर, राजकुमार गेहलोद निवासी फोनेक्स टाउनशिप इंदौर, अब्दुल गफ्फार निवासी इकबाल कॉलोनी स्मृति टॉकीज के पास इंदौर, संदीप सिंह कौशल मल्हारगंज पुलिस लाइन इंदौर, प्रदीप सिंह जागरिया निवासी शील नाथ कैंप कुलकर्णी भट्टा इंदौर, कन्हैया एमटीएच केंटीन इंदौर,दिनेश प्रसाद दुबे निवासी परदेशीपुरा इंदौर, नितेश उर्फ लक्की जायसवाल निवासी आदर्श विजासन नगर इंदौर का होना बताया। आरोपियों के कब्जे से 4 घोड़ी दाना एवं 1,05,020/- रुपए जप्त कर, थाना कोतवाली द्वारा अपराध धारा 13 जुआ एक्ट का पंजीबद्ध किया गया आरोपियों के विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

# पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने झाकियों के निर्माण के लिए 25 हजार-25 हजार की सहायता राशि प्रदान की

## इंदौर में अनंत चतुर्दशी पर पुरे वैभव के साथ निकलेंगी झांकियां...श्री वर्मा

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** गणेश उत्सव के समापन के दौरान इंदौर में झिलमिल झांकियां सड़कों पर उतरती है। जिन्हें निहारने के लिए सैकड़ों लोग आते हैं, लेकिन झांकियां के निर्माण में लाखों रुपए लगते हैं। इंदौर में जब मिल चलती थी, उस समय मिल प्रबंधक और मिल मजदूर आपस में मिलकर इन झांकियां का निर्माण करवाते थे, लेकिन जब से मिल बंद हुई है। उसके बाद इन झांकियां के निर्माण में किसी तरह की कोई रुकावट ना आए उसको लेकर मिल मजदूर अभी भी संघर्ष करते हुए देखे जा सकते हैं। इसी के चलते मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा द्वारा मिल मजदूरों को झांकियां



के निर्माण के लिए प्रतिवर्ष सहयोग राशि दी जाती रही है इस बार भी इंदौर श्रम शिविर पर दोपहर 2 बजे गणेश उत्सव समिति एवं कल्याण मिल से हरनाम सिंह धारीवाल, लक्ष्मी नारायण पाठक, देवी सिंह सेंगर, राजकुमार मिल से नत्थूलाल, दिलीप माथुर, स्वदेशी मिल से कन्हैया लाल मरमट,चंपालाल शर्मा, हुकुमचंद मिल से नरेंद्र श्रीवंश, किशन लाल बोकरे, मालवा मिल से कैलाश कुशवाहा,गुड्डू ठाकुर को श्री वर्मा द्वारा 25-25 हजार की साहयता राशि प्रदान की गई। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने साहयता राशि देते हुए कहा की ÷100 साल पुरानी संस्कृति को जीवित रखने के लिए अलग-अलग तरह के प्रयत्न किए जा रहे हैं,तो वहीं मिल मजदूरों को सरकार की ओर से भी मदद की आवश्यकता रहती है, कई बार मध्य प्रदेश सरकार के सांस्कृतिक विभाग को भी इंदौर की धरोहर को सहजने को लेकर पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन मध्य प्रदेश सरकार 100 साल पुरानी झांकियों के निर्माण को लेकर किस तरह की कोई मदद नहीं कर रही है। इंदौर नगर निगम एवं इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा जरूर सहायता राशि दी जाती है पर उस राशि मे झाकियों का पूर्ण निर्माण नहीं हो पाता है इसलिए प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मजदूर भाइयो को अपनी और सहयोग कर रहा हु। इस अवसर पर सज्जन सिंह वर्मा के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश चौकसे, गिरधर नागर, मनोहर धवन, अफसर पटेल,श्याम सुन्दर यादव,प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने स्वास्थ्य संस्थाओं की सुरक्षा के संबंध में जारी किए आदेश

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर जिले में कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा स्वास्थ्य संस्थानों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जिले के समस्त शासकीय चिकित्सालयों एवं पंजीकृत निजी चिकित्सालयों/मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों/अधिकारियों के साथ पिछले दिनों आयोजित की गई कार्यशाला में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आये सुझाव के आधार पर उक्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार सभी शासकीय/निजी चिकित्सालयों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करना होगी। अस्पताल के ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर वहाँ पर रौशनी की व्यवस्था करना एवं सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी। समस्त शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों में सुरक्षा हेतु भारतीय न्याय संहिता 2023 (बी.एन.एस.) में मौजूद प्रावधानों/धाराओं के सम्बन्ध में जानकारी समस्त शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों तथा इनसे जुड़े अस्पतालों में बड़े व पठनीय अक्षरों में प्रदर्शित करना होगी जिससे कि आमजन को कानून के अंतर्गत होने वाली कार्यवाही की जानकारी हो सके एवं आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा संस्थान भारतीय न्याय संहिता में मौजूद धारा अनुसार अपराधी पर क़ानूनी कार्यवाही कर सकें।

जारी आदेश में निर्देश दिए गए है कि समस्त शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों के परिसर में सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्था हेतु कंट्रोल रूम का प्रबंध किया जाये एवं उक्त कंट्रोल रूम में इमरजेंसी कॉल उपकरण (ढ्ढष्श्च) लगाया जाये जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से त्वरित निपटा जा सके। समस्त शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों के परिसर में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम को डेवलप किया जाये, जिससे की भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। निर्देश दिए गए है कि सुरक्षा दृष्टि से पैनिक अलार्म सिस्टम भी डेवलप किया जाना सुनिश्चित किया जाए। समस्त अस्पतालों में आंतरिक सुरक्षा समिति का गठन किया जाये एवं प्रत्येक माह उक्त समिति की मीटिंग सुनिश्चित की जाये। निर्देशित किया गया है कि अस्पताल के नजदीकी थाने से मीटिंग के सम्बन्ध में समय-समय पर समन्वय स्थापित किया जाये। नजदीकी थानों के ड्यूटी रोस्टर की प्रति नियमित रूप से संबंधित नजदीकी चिकित्सालयों को उपलब्ध करवाई जाये जिसकी जिम्मेदारी संबंधित थाना प्रभारी की होगी। समस्त अस्पतालों में सुरक्षा कर्मियों के रूप में सेना/पुलिस से सेवा निवृत अधिकारियों को सुरक्षा अधिकारी/कर्मचारी के रूप में नियुक्ति हेतु प्राथमिकता दी जाये। सुरक्षा कर्मियों का समय-समय पर प्रशिक्षण एवं पुलिस वेरिफिकेशन करवाया जाना अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी। अस्पताल में नियुक्त सुरक्षा कर्मियों को बॉडी वार्न कैमरे उपलब्ध करवाए जाये जिससे किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में निष्पक्ष जाँच की जा सके। समस्त अस्पताल परिसर में सुरक्षा संबंधी मॉक ड्रिल पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल रोस्टर बना कर की जाये। इसकी जवाबदारी संबंधित समस्त शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों एवं थाना प्रभारी दोनों की होगी।

निर्देश दिए गए है कि समस्त शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों में महिलाओं के लिए शौचालय ड्यूटी रूम में ही अटैच हो तथा शौचालय के बाहर व आस पास रोशनी की उचित व्यवस्था की जाये। समस्त शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों में क्क्रस॥ ्रष्ट्र (Prevention of Se&ual Harassment ACT 2013) के नियमानुसार समिति गठित की जाये। समय-समय पर उक्त अधिनियम में उलेखित प्रावधानों अनुसार समीक्षा बैठक की जाये एवं उक्त के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निराकरण त्वरित रूप से किया जा कर उसे गोपनीय रखा जाना सुनिश्चित किया जाये।

समस्त निजी स्वास्थ्य संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों को स्पष्ट रूप से आदेशित किया गया है कि मरीज की मृत्यु होने पर पार्थिव शरीर को अविलम्ब परिजनों को सौंपा जाये। इस सम्बन्ध में पूर्व में उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश एवं राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए जिससे की किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आदेशित किया गया है कि प्रत्येक तीन माह में अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु समन्वय बैठक का आयोजन किया जाये जिससे की सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्णय समय-समय पर लिए जा सके। समस्त शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों में रात्रि कालीन समय में मरीज के पास एक ही परिजन के रहने अनुमति होगी जिससे भीड़ की स्थिति उत्पन्न न हो। केवल बुजुर्ग/छोटे बच्चे के मरीज होने एवं महिला अटेंडर होने की स्थिति में ही 2 परिजनों को अस्पताल परिसर में रहने की अनुमति होगी। समस्त शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों में रात्रि 8 बजे के पश्चात प्रवेश हेतु आवश्यकतानुसार ब्रीथ-एनालाइजर (श्वास परीक्षण यंत्र) का उपयोग किया जाये जिससे की नशे की अवस्था में कोई भी अवांछित व्यक्ति परिसर में प्रवेश नहीं कर सके।

### जनसुनवाई में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आवेदकों की समस्याओं को सुनकर मौके पर किया निराकरण

**इंदौर** इंदौर में हर मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निराकरण किया। जरूरतमंदों को हाथों-हाथ मदद भी दी गई। किसी को इलाज तो किसी को रोजगार के लिए मदद मिली। ऐसी समस्याएं जिनका मौके पर निराकरण नहीं हो सका उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय की गई। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बताया कि जनसुनवाई में आने वाली प्रत्येक समस्या संबंधी आवेदन के निराकरण की नियमित फॉलोअप की जा रही है। टीएल की बैठक में निराकरण की प्रगति की अधिकारीवार समीक्षा भी हर सप्ताह की जा रही है। जनसुनवाई में आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने किसी को रोजगार के लिए सिलाई मशीन तो किसी को फीस अथवा इलाज के लिए रेडक्रास के माध्यम से उनकी मदद की। जनसुनवाई में आज इलाज के लिए दक्ष रावल को 20 हजार रुपये, नजमुद्दीन देवासवाला को 5 हजार रुपये, कलावती बाबूलाल को 10 हजार रुपये, सुशीला जरिया को 5 हजार रुपये तथा राजू यादव को 5 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई। इसी तरह तत्कालिक जरूरतों की पूर्ति के लिए रामश्री पति स्वर्गीय रमेश को 25 हजार रुपये स्वीकृत किये गए। तनुश्री यादव को शिक्षा के लिए 25 हजार रुपये, गीता भाटी को रोजगार के लिए 10 हजार रुपये, देवीलाल पिता अर्जून को तत्कालिक जरूरत के लिए 15 हजार रुपये, लक्ष्मी चौहान को रोजगार के लिए 10 हजार रुपये, राजनारायण श्रीवास्तव को 20 हजार रुपये तथा रूखसाना पति शमसुद्दीन को 15 हजार रुपये की मदद घर मरम्मत के लिए स्वीकृत किये गए।



## इकतारा बोले....

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम
9394290204



# छोटे छोटे पॉलिटिक्स

भैया! ये जो पॉलिटिक्स है ना, हर एक जगह घुसा जा रहा है। जैसे हवा है जो कहीं भी आ जा सकता है। कुछ भी कर सकता है।

राजनीति और वही पॉलिटिक्स का विश्वरूप ऐसा है जैसे हिरण्यकश्यप के कहने पर प्रहलाद ने खंभे में से विष्णु के नरसिंह अवतार को दिखाया था। भैया! मतलब पॉलिटिक्स सर्वांतर्यामी है जो हर जगह फैला हुआ है?

हर जगह का तो मुझे पता नहीं लेकिन मुझे लगता है कि यह बहुत अधिक मात्रा में हमारे वातावरण में फैला हुआ है। ठीक हमारे संकीर्ण भावों की तरह और बेसिर पैर की बातों की तरह। यह सब तो ठीक है। तू क्यों आते ही शुरू हो गया इस विषय पर । हर जगह भैया! घर से शुरू करूं तो सुबह मेरी पसंद का नाश्ता दिया रूपा ने। मैं खुश हो ही रहा था कि तीन दिन छुट्टी लेने को कहा उसने ताकि कल आने वाले सास ससुर और साले को विशाखापटनम और आसपास के पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराऊं। तो इसमें पॉलिटिक्स कहां है?

भैया! मेरी पसंद का खाना बनाने में उसकी नानी मरती है। अपनी मन मर्जी से कुछ भी बनाती है। उसका स्वार्थ छिपा है इसलिए उसने मेरे लिए छोले भटूरे बनाए वरना साल भर पहले से में रोज कहता रहा लेकिन। अरे छोटू। कितनी मेहनत लगती है छोले भटूरे बनाने में जानते हो और वह भी सुबह सुबह। और मैं जो दिन भर मेहनत करता हूं वह कुछ भी नहीं? रात के खाने में बना दो कहता हूं तो कहती है पचेगा नहीं, गैस हो जायेगी। अच्छा यह बता खाना कैसा बनाती है रूपा।

अच्छा बनाती है लेकिन मेरी...

अच्छा बनाती है, खा पाते हो न? फिर प्रोब्लम क्या है?

मुझे छुट्टी लेनी है, ससुराल वालों को घुमाना फिराना है। जेब से दसेक हजार रुपए खर्चने होंगे। ठीक है। फिर प्रोब्लम क्या है?

छुट्टी लूंगा तो उधर मेरा असिस्टेंट बॉस के पास नजदीकियां बढ़ाएगा और अपना उल्लू सीधा करेगा। मेरे बारे में ऊल जलूल बकेगा। बॉस इसी का सहारा लेकर मुझे फिर ड्रॉप कर देगा प्रमोशन से। कितना कॉम्प्लिकेटेड हो जाएगा। छुट्टी लो तो दफ्तर में और न लो तो घर में समस्या हो जाएगी। क्या करूं? कोई कुछ करे इससे पहले तुम पॉलिटिक्स कर जाओ। अपने बॉस को फोन करके पहले छुट्टी मांगो और फिर कहो कि तुम्हारे सहायक ने तुमसे शर्त लगाई है कि बॉस के पास तुम्हारे बारे में बहुत कुछ कहेगा और बॉस यकीन कर लेंगे। तुमने कहा बॉस ऐसे वैसे विश्वास नहीं करेंगे। तुम कहना कि आपको इस शर्त का पता है, यह जाहिर न होने दें। तुम्हारे दोनों काम हो जाएंगे। भैया! आप तो कमाल करते हो। बहुत बहुत बढ़िया आइडिया है।



इंदौर। खजूरी बाजार में पिछले तीन बार से अति क्रमण की कार्रवाई नहीं कर वापस लौट रही निगम की रिमूवल गैंग ने आज जर्जर भवन तोड़ा कार्रवाई के पहले मालिक और किराएदार में कार्रवाई को लेकर हल्का विवाद भी हुआ मामला कई सालों से कोर्ट में चल रहा था।फोटो जर्नलिस्ट नवीन मौर्य

# इंदौर के खजूरी बाजार से अतिक्रमण हटाया:व्यापारियों ने किया विरोध, निगम ने कहा अनंत चतुर्दशी के लिए ये सफाई जरूरी

**इंदौर।** इंदौर के खजूरी बाजार इलाके में मंगलवार सुबह एक खाली प्लाट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान व्यापारियों और अतिक्रमण हटाने गई टीम के बीच विवाद की स्थिति बन गई। दरअसल अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाली झांकी के लिए नगर निगम रास्ते के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई कर रहा है। इसके चलते मंगलवार सुबह निगम का अमला खजूरी बाजार सहित अन्य स्थानों पर पहुंचा। यहां जेसीबी से खाली पड़े प्लॉट से कबाड़ का सामान हटा दिया गया। हालांकि कुछ व्यापारियों ने इसका विरोध किया पर निगम ने सख्ती से कार्रवाई पूरी कर दी। नगर निगम के रिमूवल अमले ने आज सुबह खजूरी बाजार स्थित गोपाल रावत के मकान नंबर 620 पेन वर्ल्ड के खिलाफ कार्रवाई कर उसे जमींदोज किया। नगर निगम जोन 20 की भवन अधिकारी पल्लवी पाल ने बताया कि अनंत चतुर्दशी पर चल समारोह निकलेगा, जबकि खजूरी बाजार का यह जर्जर भवन खतरनाक हो चुका था। इसे तोड़ने के लिए कई ई-नोटिस नोटिस दिए गए, लेकिन मालिक ने उसे तोड़ने की कार्रवाई नहीं की। इसके चलते मंगलवार को निगम के रिमूवल अमले ने जर्जर मकान का हिस्सा तोड़ दिया। कार्रवाई के दौरान दुकानदार व महिलाओं ने विरोध भी किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी से से किसी का विरोध कारगर नहीं हो सका। इस मौके पर भवन निरीक्षक नवीन बुंदेला, रिमूवल प्रभारी बबलू कल्याणे सहित बड़ी संख्या में निगमकर्मी मौजूद थे।

## कुएं में मिली युवक की लाश, क्षेत्र में फैली सनसनी



**इन्दौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फ़ैल गई जब कुएं में मिलें एक युवक के शव की सूचना क्षेत्रवासियों को मिली। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची चंदननगर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजकर हत्या, आत्महत्या या हादसा तीनों एंगल से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चंदन नगर थाना पुलिस के अनुसार राहुल पिता नवलसिंह कुशवाह उम्र तीस साल निवासी धरनावद का शव मंगलवार सुबह कुएं में पड़ा मिला। परिजनों ने पुलिस बताया कि वह एक आटा मिल में काम करता था। सोमवार को काम का कहकर निकला था। लेकिन घर नहीं लौटा। पूरी रात परिवार के लोग उसे कॉल करते रहे लेकिन रिंग जाती रही उसने फोन रिसीव नहीं किया। मंगलवार अल सुबह कुएं के पास से गुजर रहे राहगीर ने मोबाइल बजने की आवाज सुनकर कॉल रिसीव किया और परिवार को कुएं के पास मोबाइल पड़े होने की सूचना दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे।

## सीसीटीव्ही फुटेज से मोबाईल लुटेरा पुलिस के हत्थे चढ़ा

**इंदौर (मनीष शर्मा)।** गणेश चतुर्थी के दिन मिठाई लेने पहुंचे एक व्यापारी का मोबाइल बदमाश ने जेब से निकाल लिया। उसका सीसीटीवी वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उसकी पहचान की।इसके बाद मुखबिर की सूचना पर आरोपी को दबोचा तो उसके पास से 6 लाख कीमत के करीब 14 मोबाइल मिले है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार मैं कार्यवाही करते हुए हीरानगर पुलिस द्वारा भीड़भाड़ वाली जगहो पर लोगों को टारगेट कर मोबाईल फोन चोरी की वारदातो को अंजाम देने वाले 1 बदमाश को चंद घण्टो में ही गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामला इस प्रकार है कि 8 सितंबर को सूचनाकर्ता कैलाश पिता पूनमचन्द शर्मा उम्र 51 वर्ष नि. वीणा नगर इंदौर के द्वारा थाने पर उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि 7 सितंबर को लगभग दोपहर 12 बजे जब साँवरिया स्वीट्स नमकीन हीरानगर मेन रोड़ पर गणेश उत्सव के लिये



प्रसादी खरीद रहा था, उसी दौरान काउंटर पर पैसे देते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरा मोबाईल एप्पल आईफोन 15 कीमती 89 हजार को जेब से चुरा लिया। फरियादी की रिपोर्ट पर से तत्काल थाना हीरानगर पर अपराध धारा 303(2) बी.एन.एस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये तत्काल थाना प्रभारी हीरानगर द्वारा पुलिस की अलग - अलग टीमों का गठन किया जाकर, घटना स्थल के सी.सी.टी.व्ही. फुटेज चेक किये तथा संदेहियों से पूछताछ की। 9 सितंबर को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक लडका चोरी के मोबाईल को सस्ते दामों में बेचने की बात कर रहा है, जिस पर से तत्काल पुलिस टीम का गठन किया जाकर मुखबिर के बताये स्थान एवं उसके हुलिये से अवगत कराकर बताये स्थान पर रवाना किया गया, जहां पर 1 व्यक्ति संदिग्ध हालत में खड़ा था, जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा। उसका नाम पता पूछने पर नंदन राम पारदी उम्र 28 साल नि. व्यास नगर बस्ती थाना चंदन नगर इंदौर बताया।

आरोपी से उक्त अपराध के सम्बंध में विस्तृत से पूछताछ की गयी तो उसने उक्त दिनांक को सॉवरिया स्वीट्स से आईफोन 15 चोरी करना कबूला। आरोपी से उक्त घटना के अतिरिक्त अन्य घटनाओ के संबंध मे भी पूछताछ की गयी तो आरोपी ने शहर के अन्य थाना क्षेत्रों से भी 13 अन्य मोबाईल फोन चोरी करना कबूला जिसके संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही हैं। उक्त कार्यवाही में निरी. पी. एल. शर्मा के साथ थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही ।

## इंदौर में BBA छात्रा से छेड़छाड़..6 गुंडों का जुलूस निकाला

**इन्दौर।** इंदौर में बीबीए की पढ़ाई करने वाली छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले 6 आरोपियों का मंगलवार को पुलिस ने भंवरकुआं के उसी इलाके में जुलूस निकाला। आरोपियों ने महिलाओं के सम्मान में नारे भी लगवाए। बताया जाता है कि पहले पुलिस ने छात्रा की शिकायत नहीं सुनी थी। मीडिया में जानकारी लगने के बाद एफआईआर दर्ज कर टीमें बनाकर आरोपियों को पकड़ा गया। बता दें कि सभी 6 आरोपी सभी मूल रूप से गुना के रहने वाले हैं और आदतन अपराधी हैं। वारदात के बाद एक आरोपी गुना में भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ पार्टी का प्रचार करते मिला। उस पर 21 मुकदमे दर्ज हैं। टीआई राजकुमार यादव और उनकी टीम ने मंगलवार को मंजीत रघुवंशी, संदीप सोलंकी, रवि नरवरिया, संजय रघुवंशी उर्फ बग्गा, सौरभ रघुवंशी और शुभम शर्मा उर्फ पण्डा का जुलूस निकाला। आरोपियों ने नारे लगाते हुए कहा कि लड़की छेड़ना पाप है। महिलाओं के सम्मान की बात की। पुलिस ने उन्हें इलाके में घुमाने के बाद गाड़ी में बैठाया और थाने ले गई। बताया जाता है कि पकड़ाए आरोपियों में 6 में से 3 आरोपी गुना से जिलाबदर है। इन आरोपियों पर हत्या का प्रयास, बलवा, चाकूबाजी, अड़ीबाजी, रास्ता रोक पीटना, तोड़फोड़, हथियार रखना, अवैध शराब, अपहरण कर दुष्कर्म करना, घरों में घुसना, तोड़फोड़, सट्टा खेलना व खिलवाना जैसे छह अपराध दर्ज हैं। शुक्रवार को वारदात करने के बाद कुछ बदमाश गुना आ गए। रविवार को एक जिलाबदर बदमाश ने तो नगरपालिका के वार्ड 30 के लिए हो रहे उपचुनाव में प्रचार भी किया। वह भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ बैठा तक नजर आया। उसने गले में भाजपा का दुपट्?टा भी पहना हुआ था।

## सुखलिया में तीन दिवसीय महालक्ष्मी उत्सव मनेगा



**इंदौर।** तीन दिवसीय महालक्ष्मी उत्सव सुखलिया निवासी महाराष्ट्रीयन परिवार में मनाया जाएगा। महालक्ष्मी व ज्येष्ठा- कनिष्ठा की स्थापना होगी, उन्हें कई प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। कुंजीर परिवार की प्रमुख निहारिका कुंजीर, शिल्पा कुंजीर, रिया कुंजीर ने बताया कि हमारे यहां महालक्ष्मी पूजन की परंपरा का निर्वहन लगातार किया जा रहा है, तीन दिवसीय महालक्ष्मी उत्सव मनाया जायेगा। मंगलवार को ज्येष्ठा - कनिष्ठा की स्थापना की होगी, बुधवार द्वितीय दिवस को पूरन पोली का महानैवद्, छप्पन भोग लगेगा व सौभाग्यवतीयो को भोजन प्रसाद कराया जायेगा,उसी के साथ कई प्रकार के व्यंजनों का महा भोग लगाया जाएगा, इसमें कई तरह की मिठाई पूरनपोली का भोग लगेगा, महालक्ष्मी जी का दरबार फूलों से सजाया गया। ज्येष्ठा - कनिष्ठा का आकर्षक श्रृंगार किया जायेगा। तीसरे दिन गुरुवार को महालक्ष्मीजी की विदाई होगी।

## पुलिसकर्मी ने थाने में किया डांस, वीडियो वायरल

**इंदौर।** एक पुलिसकर्मी ने थाने में डांस किया, जिसका वीडियो वायरल हो गया है। दरअसल मामला परेदशीपुरा थाने का है। यहां एक कांस्टेबल ने थाने में डांस किया था। वायरल वीडियो गणेश चतुर्थी के मौके पर गणेश स्थापना का है। उन्हें गाने-बजाने और डांस का काफी शौक है। यह वीडियो जय प्रकाश शुक्ला का है उन्होंने खुद अपनी सोशल मीडिया अकाउंट पर इसे साझा किया है। यहां उनके साथी उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। कुछ दिन पहले इसी थाने में एसआई का विदाई समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें ढोलक की थाप पर जमकर पुलिसकर्मियों ने डांस किया था। उक्त मामला भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। इंदौर पुलिस में डांस का क्रेज नया नहीं है। यहां ट्रैफिक पुलिस के रणजीत सिंह भी डांस करते हुए हाईकोर्ट के सामने ड्यूटी करते हैं।

## इंदौर में भाजपा सदस्यता अभियान की हालत चिंताजनक

**इन्दौर।** बीजेपी के सदस्यता अभियान की हालत इंदौर में चिंताजनक है। अभियान के प्रदेश प्रभारी और उत्तर प्रदेश के मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह ने सोमवार रात इंदौर की सभी विधानसभाओं की समीक्षा बैठक में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि इंदौर-1 और 2 में सदस्यता अभियान सबसे बेहतर स्थिति में है। इन दोनों विधानसभा का नाम प्रदेश की टॉप 10 विधानसभा में शामिल है। मंत्री सिंह ने सोमवार रात 9 बजे के बाद ली बैठक में भाजपा कार्यालय पर सदस्यता अभियान से जुड़े सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि इंदौर में सदस्यता अभियान में तेजी से काम करना होगा। सदस्यता अभियान के आंकड़े काफी चिंताजनक हैं। बैठक में मंत्री सिंह ने नगर पदाधिकारियों की टीम के साथ-साथ सदस्यता अभियान के विधानसभा प्रभारी, पुराने संयोजक, मंडलों के प्रभारी और एमआईसी सदस्यों को भी बुलाया था। सभी से उनके क्षेत्र में चल रहे अभियान के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान सदस्यता अभियान प्रभारी सुदर्शन गुप्ता और सहप्रभारी दिलीप शर्मा भी मौजूद रहे। बीजेपी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर जिले में अभी तक सवा लाख सदस्य ही बन पाए हैं। बीजेपी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रात में बैठक के दौरान मंत्री सिंह ने शहर में चल रहे सदस्यता अभियान को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि अभी तक इंदौर 1 और इंदौर 2 विधानसभा ही अव्वल है। बाकी विधानसभाओं में ठंडा काम चल रहा है, इसमें तेजी लाने की जरूरत है। विधानसभा प्रभारी अपनी-अपनी विधानसभा में काम का विभाजन करें और लक्ष्य को पूरा करने पर ध्यान दें। बताया जा रहा है की इस बैठक के बाद महेन्द्र सिंह तीन नंबर विधानसभा में विधायक गोलू शुक्ला और सदस्यता अभियान प्रभारी सुदर्शन गप्ता के साथ सदस्य बनाने पहुंचे। उन्होंने अग्रवाल नगर के कई घरों में जाकर मोबाइल से मिस्ड कॉल देकर सदस्य बनवाए।

## दिग्विजय सिंह के पुतले को फांसी दी गई



**इन्दौर।** शहर अनुसुचित जाति के नगर महामंत्री राजु सुनहरे (वासु), नगर मंत्री नवीन लहरी, मण्डल अध्यक्ष उज्जवल शेंडे ने बताया है कि दिग्वजय सिंह का पुतला मंगलवार को दो पहिया वाहनो पर सुभाष नगर से बांधकर पाटनीपुरा तक घसिटा व कुलकर्णी नगर नाले पर फांसी दी गई एवं कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की इस अवसर पर पार्षद- एम.आई.सी. सदस्य जीतु यादव, पुर्व पार्षद राजु कुवाल, नगर उपाध्यक्ष पिछडा मोर्चा धर्मेन्द्र सिंह यादव (एडव्होकेट), जितेन्द्र काकोरे, कान्हा शाक्यवार, विमला सुनहरे, प्रभा चौधरी शुभम रघुवंशी,प्रतीक मेघवंशी, चिंटू लाहोरे उपस्थित रहे।

# देपालपुर पुलिस के आरक्षक राजपाल गुर्जर के खिलाफ षड्यंत्र: गुंडे बदमाशों की साजिश बेनकाब

## राजपाल गुर्जर की सख्त पुलिसिंग से घबराए असामाजिक तत्व-फंसाने की कोशिश नाकाम

**देपालपुर।** क्षेत्र में गुंडे बदमाश और असामाजिक तत्वों द्वारा देपालपुर पुलिस थाने के आसूचना एवं सुरक्षा इंचार्ज राजपाल गुर्जर को षड्यंत्रपूर्वक फंसाने का प्रयास किया जा रहा है।

इन तत्वों ने गुर्जर के जन्मदिन के फोटो को जोड़-तोड़ कर हर्ष फायर का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर उनकी छवि को खराब करने का काम किया है। गुर्जर को पुलिस के बड़े अफसरों के सामने नीचा दिखाने और उन्हें देपालपुर से हटाने की कोशिश की जा रही है, ताकि ये असामाजिक तत्व अपने अवैध कारोबार और गतिविधियों को आसानी से अंजाम दे सकें। राजपाल गुर्जर के प्रयासों से देपालपुर क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ और सट्टे पर पुलिस ने अंकुश लगाने में सफलता पाई है। उनके कुशल व्यवहार और कार्यशैली को देखते हुए उन्हें कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से इनाम भी मिल चुका है। इस षड्यंत्र के पीछे कौन लोग हैं और उनके क्या मकसद हैं, इसकी जांच जारी है। पुलिस प्रशासन इस मामले को



गंभीरता से ले रहा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। देपालपुर क्षेत्र में राजपाल गुर्जर की पुलिसिंग ने गुंडे बदमाशों और असामाजिक तत्वों के बीच भय का माहौल पैदा कर दिया है। उनके नेतृत्व में पुलिस ने कई महत्वपूर्ण कार्रवाइयां की हैं, जिससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगा है। राजपाल गुर्जर के प्रयासों से देपालपुर क्षेत्र में अवैध शराब और जुए के अड्डों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। उनके नेतृत्व में कई छापेमारी अभियान चलाए गए, जिनमें बड़ी मात्रा में अवैध शराब और जुए का सामान जब्त किया गया। इससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में कमी आई है और स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। राजपाल गुर्जर के खिलाफ पहले भी षड्यंत्रपूर्वक फंसाने के प्रयास किए गए थे, लेकिन हर बार निष्पक्ष जांच के बाद वे निर्दोष साबित हुए।

उनकी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के कारण उन्हें कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से प्रशंसा और इनाम भी मिल चुका है। गुर्जर की सख्त पुलिसिंग के कारण गुंडे बदमाशों में भय का माहौल है। उनके नेतृत्व में पुलिस ने कई अपराधियों को गिरफ्तार किया और उन्हें कानून के कठघरे में खड़ा किया। इससे असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर लगाम लगी है और क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी हुई है। राजपाल गुर्जर का कुशल व्यवहार और कार्यशैली उन्हें एक आदर्श पुलिस अधिकारी बनाते हैं। वे हमेशा जनता की समस्याओं को सुनते हैं और उन्हें हल करने का प्रयास करते हैं। उनकी इस कार्यशैली के कारण उन्हें जनता का भी भरपूर समर्थन मिलता है। राजपाल गुर्जर की मजबूत पुलिसिंग ने देपालपुर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बना हुआ है, और जनता उनके कार्यों की सराहना करती है।

## मेरा कॉलम



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

### चबूतरी का चक्कर

अरे भाई, किस्सा ऐसा है कि गाँव का चौधरी हमेशा अपनी चाल में बड़े गुमान से रहता था। उसका तो बस ये मानना था कि जो वो कहे, वही सही। एक दिन चौधरी अपने चौपाल पे बैठा था, गाल पे हाथ धरे, जब एकाएक गाँव में हड़कंप मच गया। खबर आई कि चौधरी ने जो नई बनाई थी बड़ी-बड़ी चबूतरी (गाँव की बैठकें), वो सब धड़ाम से गिर गई। एक चेला दौड़ता-भागता चौधरी के पास पहुंचा। बोला, चौधरी साब, आपने जो चबूतरी बनवाई थी, वो सब गिर गई। चौधरी की आँखें फैल गईं, के कह सै रे? हाँ चौधरी साब, बिलकुल सही कह रह्या हूँ, चबूतरी टूट कर जमीन पे बिखरी पड़ी हैं। चौधरी जो हमेशा दूसरों पे धौंस जमाने का आदी था, अब खुद पे आई तो उसकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। उसने चेला को घूरते हुए कहा, के तू झूठ बोल रा सै? झूठी बात निकली तो तेरा बंटाधार हो जाएगा! चेला ने सिर झुकाए हुए कहा, चौधरी साब, अगर मेरी बात झूठ निकली, तो मुझे आप गाँव के चौराहे पे उल्टा लटका देना। चौधरी एक पल के लिए सोच में पड़ गया। खुद भी तो ऐसे ही डायलॉग मारने का शौक रखता था। पर इस बार मामला सच्चा था। उसने फिर चेले से पूछा, तू अपनी आँखों से देखी सै ये बात? चेला बोला, हाँ जी चौधरी साब। कोई चबूतरी की दीवार ढह गई सै, किसी की छत नीचे आ गिरी सै, और एक तो पूरी की पूरी चबूतरी मिट्टी में मिल गई सै। चौधरी का मुँह सूख गया। उसने जल्दी से गाँव के ठेकेदार को बुलाया और चबूतरियों के गिरने की जांच के आदेश दे दिए। ठेकेदार ने तुरंत एक कमेटी बना दी, जिसमें मिस्त्री से लेकर मजदूर तक सबको डाल दिया। मिस्त्री ने कहा, किस बात का रोना कर रा सै भाई? चबूतरियां तो पक्की थी, बस मिट्टी थोड़ी कमजोर थी।

चबूतरी फिर से बनवा देंगे, जब तक साँस है, तब तक चबूतरी बनेगी। आखिरकार, जांच की रिपोर्ट भी आ गई। जांच कमेटी ने माना कि चबूतरियां तो ठीक थी, पर जमीन ने धोखा दे दिया। असली कसूर तो जमीन का सै, चबूतरी बनाने वाले निर्दोष हैं। और जो पैसा लगाया गया था, वो तो बिल्कुल जायज था। कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ। और ये भी हो सकता सै कि विरोधी पार्टी ने ही जमीन को कमज़ोर कर दिया हो। रिपोर्ट पढ़कर चौधरी मियां खुश हो गया, क्योंकि वो जानता था कि ऐसी ही रिपोर्ट आएगी। अगर भ्रष्टाचार का पता चलता, तो उसका नाम मिट्टी में मिल जाता। अगले दिन चौधरी ने पूरे गाँव में ऐलान करवा दिया कि चबूतरियां गिरने का असली गुनहगार जमीन है। उसने जमीन को दुरुस्त करने के आदेश दिए और नए चबूतरी बनाने का काम शुरू करा दिया। अब ठेकेदार और मिस्त्री फिर से हाथों में नया काम देख कर खुश हो गए। नई चबूतरियों के लिए फिर से गाँव का खजाना खुल गया। और भाई, चौधरी की चालें भले ही तिरछी हों, पर उसकी किस्मत हमेशा सीधी रही। इस खेल में सबकी चाँदी हो गई, बस गाँव वालों की मुश्किलें फिर वहीं की वहीं रह गई।





# शहर में ट्रेफिक व्यवस्था सुधार की हालत बद् से बद्त्तर

## दिनभर आडे तिरछे जहा-तहा रिक्शा-मिनीडोर चालक वाहन खड़ा कर बैठाते है सवारी, लगता है जाम

जावरा।

**शहर में दिनों दिन बिगड रही ट्रेफिक व्यवस्था को सुधारने के सभी इंतजाम नाकामयाब साबित हो रहे है। क्योकि शहर की सड़कों पर आडे-तिरछे वाहन आसानी से खड़े देखे जा रहे है। वहीं हाथ ठेलों ने रास्तों को अवरूद्ध कर बार-बार लगने वाले जाम की स्थिति को पसार रखा है।**

शहर के पिपलोदा रोड़ चौपाटी चौराहे की बात करे तो कई दफा यहा खड़े होने वाले हाथ ठेलों को हटाकर अलग-अलग जगहों पर इन्है स्थान दिया गया, लेकिन स्थाई व्यवस्था न होने से दुबारा यह ठेले चौपाटी चौराहा ओर पिपलोदा रोड़ का ही रूख करते आ रहे है। नगर पालिका अभी तक हॉकर्स जोन का इंतजाम नही कर पाई है। वहीं ऑटो रिक्शा, मिनीडोर ने भी ट्राफिक व्यवस्था को बिगाडने में कोई कसर बाकी नही छोड़ रखी है। दिनभर आडे तिरछे जहा-तहा रिक्शा-मिनीडोर चालक अपना वाहन खड़ा कर सवारी बैठाने लगते है, तब तक पीछे वाहनों का जमावड़ा लग जाता है। यातायात प्रभारी सोनु वाजपेयी का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी सतत् सख्ती से जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों को छोड़ा नही जाएगा।




### सब्जी के ठेले वालों ने जमा रखा है कब्जा

शहर के सबसे चौड़ा रोड़ पिपलोदा रोड़ है लेकिन अतिक्रमण की चपेट में यह चौड़ी सड़क गली मोहल्ले की सड़क से भी सकड़ी हाल में पहुंच गई है। पिपलौदा रोड़ चौराहे पर सब्जी के ठेले वालों ने कब्जा जमा रखा हैं तो पिपलौदा रोड़ पर नर्सिंग होम तक सब्जी और फल के ठेले वालों ने आधी सड़क घेर रखी है। वहीं चौराहे पर सीमेंट सरीये की दुकाने के बाहर खड़े वाहन और उसके ठीक सामने होटल वालों के चलते सड़क काफी संकरी हो गई। ऐसे में दोपहर के समय पर पिपलौदा रोड़ पर मौजुद स्कुलों की छुट्टी होती हैं उस दौरान जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं दिन में कई बार इस पिपलौदा रोड़ पर जाम के चलते वाहन रेंगते हुए दिखाई देते है और आए दिन विवाद होना आम बात हो गई है।

### होटल संचालक को दी हिदायत

आमजन की इस समस्या और जाम से निजात दिलाने मंगलवार को दोपहर में नपा और यातायात का अमला यातायात प्रभारी सोनु वाजपेयी के साथ सड़क पर उतरा तथा कार्रवाई की। इस दौरान आधी सड़क पर रखे ठेले जब्त किए तो 13 लोगों के मौके पर चालान भी नगर पालिका ने बनाए और 3 हजार रूपये का राजस्व वसूला। एक सब्जी की ठेलागाड़ी सामान सहित नगर पालिका ने जप्त की। वहीं सीमेंट सरीये वाले दुकानदार को रोड़ पर डली पीली लाईन के अंदर ही वाहन खड़े करने की चेतावनी दी। इसी दुकान के सामने स्थित कनक आलुबडा होटल संचालक पर भी चालानी कार्रवाई करते हुए उन्है भी वाहन सही से खड़े करवाने की हिदायत दी। इन्है पहले भी कई बार प्रशासन ने हिदायते दी लेकिन दुकान के बाहर की व्यवस्थाएं नही सुधरी है।

## फसलों का सर्वे कराने की मांग को लेकर जप सदस्यों ने दिया ज्ञापन



**पिपलोदा ।** पिपलोदा सहित आसपास के क्षेत्रो में किसानों की सोयाबीन फसलों पर पीला मौजक बीमारी आने से किसानों की फसले खराब हो रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। क्षेत्र में खराब हुई फसलों का शीघ्र सर्वे कराते हुए राहत राशी प्रदान किए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को जनपद पंचायत पिपलोदा सदस्यों ने तहसीलदार देवेन्द्र कुमार दानगड़ के नाम ज्ञापन तहसील कार्यालय के लेखपाल को जनपद पंचायत पिपलोदा में दिया। इस दौरान जनपद सदस्य रामीबाई मालवीय, दिनेश कुमावत, पवन पाटीदार, अशोक निनामा, बगदीबाई कुमावत, सीताबाई-बंकट चंद्रवंशी, ललिता-देवीलाल धाकड़, अंजना राठी, दीपक नाहर, जनपद प्रतिनिधि पुष्कर मालवीय, पुर्व जनपद उपाध्यक्ष श्यामसिंह देवड़ा आदि उपस्थित थे।

## अखाडों के साथ निकली भगवान देवनारायण की झांकी



**पिपलोदा ।** भगवान श्री देवनारायण के असवारी नीलाधर घोडे के अवतरण दिवस भादवी छठ पर धनगर गायरी समाज द्वारा नगर में झांकी निकाली गई। प्रातः से मंदिर पर पूजा अर्चना का दौर चलता रहा, वही हवन पूर्णाहुति के पश्चात महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। शाम को विशाल चल समारोह के साथ कमल पुष्प मे से अवतरण हुए भगवान देवनारायण के दृश्य को दर्शाती झांकी निकाली गई। जिसमे बजरंग व्यायाम शाला के पहलवानों द्वारा हैरत अंगेज करतब दिखाए गए। वही मलखम्ब के कलाकारों ने भी एक से बढकर एक प्रस्तुति पेश की। चल समारोह का नगर में विभिन्न धार्मिक, राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। समारोह प्रमुख मार्गो से होते हुए रात 12 बजे पुनः मंदिर पहुंचा। जहां आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाजजनों के साथ नगरवासी बडी संख्या में उपस्थित थे।

## रिंगनोद की बेटी भव्या ने छोटी उम्र में किए नौ उपवास

**जावरा ।** रिंगनोद के बड़े रावले व श्रीमाल परिवार की बेटी भव्या ने छोटी उम्र में परिवार का नाम रोशन किया है। भव्या द्वारा 9 उपवास किए गए। जिसकी परिवार एवं मित्रजनों ने उपस्थित होकर तप की खूब अनुमोदना करते हुए बहुमान किया गया। इस तपस्या के लिए उनके दादा रविंद्रसिंह श्रीमाल, दादी रेखा श्रीमाल ने माता-पिता प्रियल-यादवेंद्र को साधुवाद दिया। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के साथ ही राजस्थान, गुजरात से परिवार के लोगों ने आकर शब्दों एवं अभिनंदन पत्र से अभिनंदन किया। इस मौके पर हिम्मतसिंह श्रीमाल, शीतल श्रीमाल, पारस श्रीमाल, अभय श्रीमाल, बाबा रामदेव समिति सचिव कमलेश जायसवाल, ठाकुर बसंतसिंह श्रीमाल, सुनील चौपड़ा आलोट, जैन संघ ट्रस्ट ट्रस्टीगण एवं वर्तमान जैन स्वाध्याय संघ के विनोद, मनीष आदि ने उद्बोधन के माध्यम से आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन रविंद्रसिंह श्रीमाल ने तथा आभार पुत्रवधु प्रियम श्रीमाल ने माना। इधर विभिन्न संस्थाओं ने वर्धमान जैन संघ ट्रस्ट, जैन दिवाकर मंच, बाबा रामदेव समिति अध्यक्ष भेरूलाल पटेल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र टेलर ने पुष्प माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अंत में सेंट पीटर की शर्मा ने भी शब्दों से अभिनंदन किया।

## 10 उपवास की तपस्या पर निकला धींग परिवार का वरघोड़ा

**पिपलोदा ।** 10 उपवास की तपस्या निमित्त श्रीसंघ अध्यक्ष बाबुलाल धींग के पौत्र सभ्य धींग का नगर में वरघोडा निकाला गया। निज निवास से प्रारंभ वरघोडा सर्वप्रथम श्री आदिनाथ जैन मंदिर पहुंचा जहां तपस्वी द्वारा शासन माता की पूजा अर्चना की गई। बाद में वरघोडा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ धाम पहुंचा जहां तपस्वी का पारणा व स्वामी वात्सल्य का आयोजन हुआ। नगर भ्रमण के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह तपस्वी का बहुमान किया। इस अवसर पर श्रीसंघ परिषद परिवार के साथ नगरवासी उपस्थित थे।

## शिशु मंदिर में प्रतिदिन हो रही गणेशजी की आरती



**जावरा ।** सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वती पुरम पहाड़िया रोड़ पर गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। विद्यालय में मिट्टी के गणेशजी की प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसे विद्यालय के पूर्व छात्र पवन कुशवाहा एवं एक अन्य प्रतिमा वर्तमान छात्र नितिन पाल्या द्वारा बनाई गई है। जिसके तहत विवेकानंद सभागृह में प्रातः कालीन प्रार्थना सत्र में भगवान श्रीगणेश की आरती प्रतिदिन विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा उतारी जा रही है। इधर सरस्वती पुरम स्थित शिशु वाटिका में भी भगवान श्रीगणेशजी की आरती प्रतिदिन विद्यालय के नन्हे मुन्नों द्वारा की जा रही है।

## गोवंश परिवहन करने वाले आरोपी को 1 वर्ष का कारावास

जावरा।

न्यायालय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट एनएस ताहेड़ द्वारा गौवंश का अवैध परिवहन करने वाले आरोपी इकबाल उर्फ हुसैन (21) पिता मुख्तीयार शाह निवासी रामरहीम नगर रतलाम को धाराः 4.6.9 म.प्र. गोवंश वध प्रतिरोध अधिनियम 11(घ), पशुक्रुरता अधिनियम में दोषी पाते हुए सजा सुनाई गई। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी भूपेन्द्र कुमार सांगते ने बताया कि शहर पुलिस को 10 अक्टुबर 2017 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिंद्रा पीकअप वाहन में चालक इकबाल व साथी राजा रतलाम के अवैध पशु अजमेर पुष्कर तरफ से भरकर निर्दयता पूर्वक बांधकर ला रहे है, जो जावरा हाईवे से होकर दाहोद गोदरा की ओर वध करने ले जा रहे है। पुलिस ने सूचना के आधार पर तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु पुलिस फोर्स एवं पंचान के साथ होकर भगतसिंह कालेज गेट के सामने नाका बंदी की। मुखबिर सूचना मुताबिक मंदसौर तरफ से आ रही एक महिंद्रा पीकअप वाहन को रोका तो वाहन चालक गाडी रिवर्स कर भगाने की कोशिश करने लगा।

पुलिस ने तत्काल हमराही फोर्स की मदद से पकडा। गाडी चालक से नाम पता पूछा तो चालक ने इकबाल उर्फ हुसैन पिता मुख्तीयार शाह एवं पास में बैठे व्यक्ति ने राजा पिता जाकीर शाह बताया। पुलिस व हमराही फोर्स द्वारा वाहन को चेक किया तो उसके अंदर पीछे डाले में तिरपाल व रस्सी खोलकर देखा तो वाहन में 5 केड़े निर्दयता पूर्वक रस्सियों से बांधकर भरे होना पाए।

उक्त पशुओं को भरकर ले जाने के संबंध में परमिट अनुजप्ती तथा वाहन के कागजात होना नहीं बताया। आरोपियों ने गोवंश को अजमेर पुष्कर तरफ से भरकर वध हेतु दाहोद-गोदरा ले जाना बताया। आरोपीगण का उक्त कृत्य धारा 4.6.9 म.प्र. गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 11 डी पशुक्रुरता के तहत दंडनिय पाए जाने से आरोपीगण को गिरफ्तार किया। प्रथम श्रेणाी न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर आरोपी इकबाल उर्फ हुसैन पिता मुख्तीयार शाह के विरूद्ध धारा 4.6.9 म.प्र. गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम में 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपयें का अर्थदंड से दंडित किया। सफल पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी भुपेन्द्र कुमार सांगते ने की।

## अवैध से वैध हुई कालोनियों में लगेगा नपा का वसूली कैम्प, देगे नामांतरण की जानकारी

जावरा ।

**नगर पालिका बैठक हॉल में राजस्व वित्त एवं लेखा समिति विभाग की बैठक में सालों से विभिन्न प्रकार के कर जमा नही करने वालों से वसूली बढाए जाने पर सहमति बनी।**



मंगलवार शाम 4 बजे समिति सभापति लोकेश विजवा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शहर में संपत्तिकर वसूली, दुकान किराया वसूली, दुकान प्रिमियम वसूली, जलकल वसूली के संबंध में वसूली बढाए जाने के लिए सख्त निर्देश दिए। साथ ही नगर पालिका परिषद् जावरा के निवेश क्षेत्र के संबंध में परिसीमा के निर्धारण हेतु ग्राम पंचायतों को मूल दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने हेतु स्मरण पत्र जारी करने की बात कही ताकि वहां के नागरिकों के नामांतरण दर्ज किए जा सके। साथ ही अवैध से वैध हुई कालोनियों में कम से कम 5 दिवसीय वसूली कैम्प एवं नामांतरण संबंधित नागरिकों को जानकारी देने पर चर्चा की गई। शहर में बिना स्वीकृति अवैध घुमटियां संचालित करने वाले पर नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित। इस मौके पर समिति सदस्य सुलेमान खां, रजत सोनी, अफसर बी-शौकत, राजस्व-जलकल विभाग प्रभारी अधिकारी अरूण कुमार ओझा, राजस्व उप निरीक्षक, राजस्व लिपिक विकास त्रिवेद्वी सहायक ग्रेड 3 एवं जलकल लिपिक शेहजाद अली, फुलचंद देवड़ा, कमल कुमार भिलवाड़िया, जितेन्द्र भावसार, आनंदसिंह, भेरूलाल गोयल, प्रशांत कंडारे, इश्तियाक एहमद सहायक राजस्व निरीक्षक आदि कर्मचारी शामिल हुए।

## पटवारी के साथ विधायकों का भरावा ने किया स्वागत



**जावरा ।** कांग्रेस मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष जीतु पटवारी देवरिया-गरोठ में किसानों की ट्रैक्टर रैली में शामिल होने के लिए जाते समय किसान कांग्रेस ने स्वागत किया। पटवारी के साथ आए सांसद प्रत्याशी दिलीप सिंह गुर्जर, विधायक महेश परमार, दिनेश बॉस, विधायक आरिफ मसुद का भी भूतेडा टोल टैक्स पर किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश भरावा के नेतृत्व में जमकर स्वागत हुआ। इस दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राहुल शर्मा और अन्य पदाधिकारी के साथ ईश्वरलाल राठौड़, कैलाश मालवीय, जीवन धनगर, दिनेश मालवीय, कचरूलाल मालवीय, दीपक परमार और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आंगनवाड़ी केन्द्र भूतेड़ा में गोद भराई कर मनाया मंगल दिवस

जावरा। नई आबादी आंगनवाड़ी केन्द्र भूतेड़ा पर स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय कृमि नाशक दिवस मनाया। साथ ही केंद्र पर मंगल दिवस का भी आयोजन किया। आंगनवाड़ी केन्द्र पर क्षेत्र की महिलाओं एवं बच्चों को मौसमी बीमारियों के प्रति सजग रहने की समझाईश दी गई। साथ ही बच्चों को कृमि नाशक गोलियां खिलाई गई। शासन की योजना अनुसार मंगल दिवस के तहत गर्भवती माताओं की गोद भराई की गई। इस दौरान महिलाओं को उचित खानपान व स्वस्थ शिशु का जन्म आदि विषयों की जानकारी दी।

आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष लालाबाई चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनधि शंभुलाल चंद्रवंशी, पंचायत सरपंच पिंकी वसुनिया, सीबीएमओं डॉ. शंकरलाल खराड़ी, बसंतीलाल मईडा, बीपीएम रघुनंदन पाटीदार, एएनएम ज्योति पांचाल, आशा सहयोगी सुशील गोयल, आंगनवाडी कार्यकर्ता महानंदा शर्मा, आशा कार्यकर्ता सुमित्रा बोडाना, विष्णु डामेचा, आंगनवाड़ी सहायिका कलाबाई प्रजापत के साथ बच्चे व ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक/882/लो.नि.शा./ :: ई - निविदा आमंत्रण :: रतलाम, दिनाक 09.09.2024

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है-

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 368544 | रोड मार्किंग एण्ड स्केयर मार्किंग कार्य हेतु एस्टीमेट अनुसार। (प्रथम आमंत्रण) | 1- 6 माह<br>2- 921000/- | 1- 2000/-<br>2- 18420/- | 1-17/09/2024<br>15:30 |

**नोट**- निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेब साईड पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।.

**कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम, रतलाम**

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 44 आवेदन प्राप्त, निराकरण हेतु विभागों को निर्देश जारी

**रतलाम।**

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में संपन्न हुई। इस दौरान 44 आवेदन प्राप्त हुए। जिन पर आवेदकों से सुनवाई करते हुए अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव तथा एसडीएम अनिल भाना ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

जनसुनवाई में सैलाना के डॉ दिशांत चंडालिया ने आवेदन दिया कि उनके नेहरू मार्ग स्थित मकान की पूर्व दिशा में स्थित दीवार का कुछ हिस्सा नगर के एक अन्य व्यक्ति द्वारा बगैर अनुमति के रातों-रात गिराकर जबरन कब्जा करके अवैध पक्का निर्माण कर लिया गया है। इस संबंध में आवेदक द्वारा आपत्ती लेने पर सामने वाले व्यक्तियों द्वारा गाली गलौज तथा धमकी दी गई है। आवेदन पर सुनवाई करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारी को दिशा निर्देशित किया गया है। ग्राम असावती के कन्हैयालाल पिता भेरूलाल ने वर्ष 2002 में अपनी कृषि भूमि में लगाए सागवान के पौधे विक्रय करने की अनुमति मांगी,



आवेदन पर तहसीलदार जावरा का प्रतिवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। आलोट के ग्राम पिपलिया मारू निवासी श्यामलाल पिता रामचंद्र ने आवेदन दिया कि वह गांव में वर्षों से दुकान बनाकर उसमें व्यवसाय कर रहे हैं, रंजिश रखने वाले गांव के व्यक्ति जबरन श्यामलाल और उसके पिता को दुकान से बेदखल करना चाहते है, अन्य व्यक्तियों को सूचना पत्र नहीं दिया गया है परंतु रंजिश के कारण उसकी दुकान को तोडने का आदेश तहसीलदार द्वारा दिया गया है।

तहसीलदार द्वारा समानता का व्यवहार नहीं किया जा रहा मौखिक रूप से तहसीलदार द्वारा दुकान तोडने का आदेश दिया गया है। दोनों दिव्यांग पिता पुत्रों ने अपनी दुकान को बचाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर आवश्यक जानकारी एवं कार्रवाई हेतु एसडीएम आलोट को निर्देशित किया गया। तहसील ताल के ग्राम पीपल खेड़ी निवासी अमराजी गुर्जर ने आवेदन दिया कि उसकी भूमि को अन्य के नाम से कर दिया गया है। कार्रवाई के लिए आलोट एसडीएम को निर्देशित किया गया। आलोट के ही ग्राम खजूरी देवड़ा निवासी श्रवण नाथ ने तहसीलदार आलोट द्वारा दबाव के चलते भेदभाव पूर्ण तरीके से कार्रवाई कर शासकीय भूमि से कब्जा हटाने के संबंध में उचित जांच कर कार्रवाई हेतु आवेदन दिया। आवेदन पर कार्रवाई के लिए आलोट एसडीएम को दिशा निर्देशित किया गया।

तीन अतिथि शिक्षकों गोपाल सिंह भाटी, माया धामनोदिया तथा ईश्वरलाल हारी ने आवेदन दिया कि उन्होंने नवंबर 2023 से अप्रैल 24 तक अतिथि शिक्षक वर्ग एक के पद पर जावरा के सीएम राइस स्कूल में अध्यापन कार्य किया था। उनका नाम पोर्टल पर ऑनलाइन नहीं किया गया और उनका 6 महीने का मानदेय आज तक नहीं प्रदान किया गया। आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किए गए।

## अपहरण कर फिरौती मांगने वालो की जमानत निरस्त

**रतलाम।**

होटल व्यवसायी जीतेन्द्र राठौड का अपहरण कर फिरौती मांगने के प्रकरण के सुनील दुबे,चन्दू शिवानी और रवि डफरिया सहित सभी हाई प्रोफाईल व्यक्तियो को फिलहाल कोर्ट से कोई राहत नहीं मिल पाई है।

मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मान मयंक मोदी की अदालत में मामले की सूनवाई हुई जिसमें न्यायालय ने मामले को गंभीर पृवत्ति का मानते हुए जमानत अर्जी निरस्त कर दी गई है।

उक्त मामले में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी राजेंद्र सिंह सागर ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मान मयंक मोदी के न्यायालय में प्रस्तुत जमानत आवेदन पर लिखीत आपत्ति दर्ज कराई कि प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं फरियादी के 161 द.प्र.स. के कथनो के आधार पर उचित धाराओं का समावेश न कर धारा 140(3) बीएनएस का त्रुटिवश अपराध बताया गया है।जब की मामला धारा 140(2) बीएनएस के तहत दण्डनीय होकर सेशन ट्रायल मामला है।

जिस प्रकार आरोपियों द्वारा अपने सब के सामान्य आशय के अग्रसरण में अपराध किया गया है ऐसी स्थिति में आरोपीगण जमानत का लाभ प्राप्त करने के अधिकारी नहीं है। आरोपीगण द्वारा किया गया अपराध गंभीर प्रवृत्ति का होने से आरोपी गण को जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए।

जिला अभियोजन द्वारा लगाई गई आपत्ति के पश्चात सभी आरोपियों के वकीलों द्वारा अपनी अपनी दलील पेश की गई। माननीय न्यायाधीश ने दोपहर पश्चात मामले में जमानत अर्जी निरस्त कर मामले में अगली तारीख 20 सितंबर नियत की गई है। उल्लेखनीय है कि होटल व्यवसासी जीतेन्द्र राठौड की रिपोर्ट पर पुलिस ने रेलवे के रिटायर्ड टीसी सुनील दुबे,दलाल चन्दू शिवानी,सीए रवि डफरिया और सुधाकर मराठा समेत कुल सात लोगों के खिलाफ अपहरण और फिरौती मांगने का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया था।

जिसमें सभी की गिरफ्तारी हो चुकी है। जिसमें सुधाकर राव मराठा 14 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर हैं।

## भाजपा कार्यालय मे महिला मोर्चा ने की गणेश जी की महाआरती



**रतलाम।** पैलेस रोड़ स्थित जिला भाजपा कार्यालय मे गणेश उतसव उत्साह एवं उल्लास से मनाया जा रहा है। मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा भगवान श्री गणेश की महाआरती की गई। इस दौरान महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य अनीता कटारिया, जिला महामंत्री अनीता पाहुजा, पूजा बोहरा, भावना गुर्जर, भारती राहोरी, सुनिता शर्मा, राजश्री राठौर, तृप्ती सिंह, ललिता पंवार, सीमा अग्रवाल, रीना टांक, इन्दुबाला यादव, लक्ष्मी सोनगरा, दिव्या शर्मा, भावना प्रजापति, अर्चना शर्मा, नर्मदा यादव, अनु राठौर, शीतल पांचाल, प्रेमा राव, सरोज गुप्ता, रंजना जोशी, सुनीता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## कीर्तन की प्रस्तुति




**रतलाम।** महाराष्ट्र समाज द्वारा मनाए जा रहे 95 वां सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव के अंतर्गत गत रात्रि को स्टेशन रोड़ स्थित समाज भवन में पुणे से आए कीर्तनकार ह. भ .प ज्योत्सना गाडगील द्वारा कीर्तन की सुन्दर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री गणेश जी की आरती की गई। कलाकारों का स्वागत वैशाली बोरगांवाकर, धनंजय नारले, प्रशांत शौचे ने किया। हारमोनियम पर हेमंत कुलकर्णी, तबले पर तल्लीन त्रिवेदी ने संगत दी। कार्यक्रम संयोजक अरविन्द डबीर एवं स्नेहील मोघे थे। आभार महाराष्ट्र समाज अध्यक्ष भूषण बर्वे ने माना।

## फरार कोलोनाइजर झालानी को गिरफ्तार किया जाए

**रतलाम।** स्वामी विवेकानन्द गृह निर्माण समिति के पुर्व अध्यक्ष एवं भाजपा झुगी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक मनीष शर्मा ने पुलिस अधीक्षक राहुल लोढ़ा से मुलाकात कर पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम में दर्ज अपराध क्रमांक 111/2024 में कार्यवाही करने संबंध में आवेदन दिया।

भाजपा नेता मनीष शर्मा ने बताया की ग्राम वीरियाखेड़ी तहसील व जिला रतलाम स्थित भूमि रकबा क्रमांक 150/08, 150/1/2/1 एवं सर्वे नम्बर 150/2 में कायम भूमि में रकबा 10.72 हेक्टर भूमि पर मोहन नगर गृह निर्माण समिति द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश विभाग मध्यप्रदे शासन से दिनांक 11/04/1983 को पत्र क्रमांक 2712 के माध्यम से नक्शा स्वीकृत करवाय गया था।

भूमि ग्राम वीरियाखेड़ी तहसील व जिला रतलाम में स क्रमांक 150/13 रकबा 1.600 हेक्टर का नगर तथा ग्राग निवेश विभाग द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1700-1704 दिनांक 01/12/1997 को स्वीकृत करवाया गया भूमि को स्वामी विवेकानन्द गृह निर्माण समिति के नाम से जाना एवं पहचाना जाने लगा था। इस पर से प्रार्थी ने अपने समिति के सदस्यों को भूखण्ड समय समय पर आवंटित कर कब्जेदार बना दिया था।

श्री शर्मा ने बताया कि भूमि पर कतिपय व्यक्तियों द्वारा कब्जा करने का प्रयास किये जाने पर प्रार्थी ने संबंधित कब्जेधारियों से उनके स्वत्व एवं स्वामित्व के दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त करने पर यह ज्ञात हुआ कि मोहन नगर गृह निर्माण समिति के पदाधिकारियो ने नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के स्वीकृत नक्शे के विपरीत स्वामी विवेकानन्द गृह निर्माण समिति की भूमि पर अतिक्रमण कर भूखण्ड विक्रय कर अवैध लाभ कमा लिया है। शर्मा ने बताया कि उक्त संबंध में थाना औद्योगिक द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है। शर्मा ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि पूर्व अध्यक्ष मोहन नगर गृह निर्माण समिति और संचालक मण्डल को भी आरोपी बनया जाये। तथा फरार झालानी को तत्काल गिरफ्तार किया जाये। श्री शर्मा ने बताया कि दिनांक 16/04/2023 को औद्योगिक थाना प्रभारी को मय दस्तावेज आवेदन दिया गया था उस पर भी कार्यवाही लम्बित है।

## जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया

**रतलाम।**

वर्तमान समय में जीवन शैली के बदलाव के कारण खान संबंधी आदतों में परिवर्तन हुआ है, जिसके कारण पोषण एवं स्वास्थ्य स्थिति में सुधार किया जाना आवश्यक है। वर्तमान समय में जंक फूड जैसे पिज्जा, बर्गर, चाउमिन आदि के बजाय घर का बना हुआ भोजन बच्चों के लिए स्वास्थ्यवर्धक होता है। साथ ही बच्चों को कुपोषण और एनीमिया से बचाव के लिए साल में एक बार एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कृमिनाशन किया जाना आवश्यक है। यह बात नगर पालिका निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मनोज शर्मा ने उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कहीं। उत्कृष्ट विद्यालय में स्वागत उद्बोधन देते हुए नोडल अधिकारी शहरी क्षेत्र डॉ. रवि दिवेकर ने बताया कि एक से 19 वर्ष के आयु समूह के बच्चों का कृमीनाशन किए जाने से उनके पोषण एवं स्वास्थ्य स्थिति में सुधार होगा। बच्चों की एकाग्रता बढ़ेगी और स्कूलों में उपस्थिति की संख्या भी बढ़ेगी। कार्यक्रम में स्कूली शिक्षक आर सी पांचाल, अनिल शर्मा, एपीएम श्रीमती हीना मकरानी, डिप्टी मीडिया अधिकारी श्रीमती सरला वर्मा, एचबी श्रीमती पुष्पा ददिंग,



एएनएम श्रीमती मीना शास्त्री, आशा कार्यकर्ता सुश्री मीरा सालवी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मीडिया अधिकारी आशीष चौरसिया ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील ने माना। शहर के आजाद स्कूल वार्ड 37 में डॉक्टर किरण मीना, एम पी एस नईम खान, आशा भारती गेहलोत की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। वार्ड 39 में क्षेत्रीय पार्षद हीना मेहता, डॉ. किरण मीना, एमपीएस नईम खान, आशा अर्चना बैरागी आंगनवाडी में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ग्राम भूतेड़ा विकासखंड जावरा में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालाबाई शंभू लाल द्वारा बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।सीएम राइज स्कूल रावटी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ संजय झोडिया सरपंच रावटी, हीरालाल बोरिया, संजय निर्मल प्रसाद प्राचार्य, सी. एम. राइज स्कूल, डॉ. रजत सिंगारे मेडिकल ऑफिसर रावटी, महेंद्र सिंह राठौड़, मदन लाल डाबी, श्रीमती दीपाली भाटी, श्रीमति सरिता भाटी आदि की उपस्थिति में किया गया। कन्या शाला स्कूल बाजना में सुरेंद्र देवदा जनपद उपाध्यक्ष, गोविंद डामोर, बीएमओ बाजना डॉ. हिमांशु राव, प्राचार्य श्रीमती इंदिरा पांडे, बीपीएम मोइनुद्दीन अंसारी, वीनस डेविड, एएनएम पार्वती निनामा, आशा कार्यकर्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलोट में बीएमओ डॉ. देवेंद्र मोर्य द्वारा बच्चो को अल्बेंडाजोल गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## रतलाम प्रभु प्रेमी संग का प्रार्थना सत्संग

**रतलाम।** आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री अवधेशानंद जी गिरीजी महाराज द्वारा स्थापित प्रभुप्रेमी संघ शाखा रतलाम का साप्ताहिक प्रार्थना सत्संग श्री अम्बे माता मंदिर जवाहर नगर रतलाम डबल स्टोरी भवन के पास रखा गया था।

सर्वप्रथम द्वीप प्रज्जवलन मनोहर पोरवाल, रणजीतसिंह राठौर, विनोद यादव द्वारा किया गया। प्रार्थना सत्संग का प्रारंभ मंगलाचरण, गायत्रीमंत्र, श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया गया। प्रभु आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, राधे राधे गोविन्द गोविन्द राधे की मधुर धुन पर प्रभु प्रेमी भक्त भक्ति रस में आनंदित हो गए।

आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर माधव काकानी, बजरंग पुरोहित, राकेश मिश्रा, प्रभु प्रेमी संग अध्यक्ष हरीश सुरोलिया, प्रभुप्रेमी संघ के पदाधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में प्रभु प्रेमी भक्तजन उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरी पुत्री का नाम **UMMEHANI** था जो कि पुराना नाम है अब मैंने मेरी पुत्री का नाम परिवर्तित कर नया नाम **UMMEHANI MUKADAM** रख लिया है अब से मेरी पुत्री को **UMMEHANI** के स्थान पर उसके नए नाम **UMMEHANI MUKADAM** नाम से जाना एवं पहचाना व पुकारा जावे।

प्रेषक

RAZIYA MUKADAM W/O OWN HUSSAIN MUKADAM 1337/1 SAFANA HARDWARE MOHAMMEDI MANZIL MALWA BHAVAN BAJNA BUS STAND RATLAM 457001

## पेंशनर समाज 26 सितम्बर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देगा

**रतलाम।** मप्र पेंशनर समाज रतलाम की सितम्बर माह की मासिक बैठक में उपस्थित पेंशनरों ने प्रदेश सरकार द्वारा पेंशनरों के प्रति जो उपेक्षा और अवहेलना का रवैया अख्तियार कर रखा है उस पर सभी ने गहन आक्रोश व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार द्वारा पेंशनरों की प्रताडना को पेंशनरों ने सीधे-सीधे अन्याय कहने में भी संकोच नहीं किया। ज्ञात रहे कि प्रदेश के पेंशनर्स जनवरी 24 से 4त्न महंगाई राहत भुगतान के आदेश की आठ माह से प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न पेंशनर संगठनों ने पृथक-पृथक प्रदर्शन, विरोध रैली निकालकर एवं ज्ञापन देकर प्रदेश सरकार से पेंशनरों की लंबित मांगों को मानने का आग्रह किया है। किन्तु अफसोस सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। बैठक में उपस्थित पेंशनरों की मांग पर पेंशनर समाज जिला रतलाम ने 26 सितम्बर को प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधीश रतलाम को भेंट करने का सर्वानुमति से निर्णय लिया। बैठक में उपस्थित पेंशनरों का एक महत्वपूर्ण विचार भी सामने आया कि प्रदेश के विभिन्न पेंशनर संगठनों के अध्यक्षगण अपने मतभेद भुलाकर पेंशनर हित में एक बैठक कर दीपावली के पूर्व भोपाल में प्रदेश सरकार के प्रति अप्रसन्नता व्यक्त करने के लिए प्रदेश भर के पेंशनरों को एकत्रित कर जंगी प्रदर्शन के माध्यम से पेंशनरों की संघर्ष शक्ति का प्रदर्शन करें और प्रदेश सरकार को अपनी लंबित मांगों को मानने के लिए बाध्य करें। बैठक में एन.के. मंडवारिया, राधाकृष्ण तिवारी, परमजीतसिंह सग्गु को जन्म दिवस माह होने के कारण पुष्पहार अर्पित कर सम्मानित किया एवं दीर्घायु होने की कामना की। बैठक में बहादुरसिंह, एनके मंडवारिया, बीएस बटवाल, कालूसिंह राठौड़, बालचन्द सैनी, सुभाषचन्द्र बैरागी, पन्नालाल सोलंकी, केके राजावत, एमएल वसुनिया, एमएल सेठिया, हरीश व्यास, रमेशचन्द्र भट्ट, प्रकाशचन्द्र जैन, एचसी झांझरी, पुरुषोत्तम शर्मा, आरसी गेहलोत, भंवरसिंह परिहार, एमएल माली आदि उपस्थित थे। अंत में श्री मंडवारिया ने आभार प्रदर्शन किया।

## आईटीआई बाजना में 30 सितंबर प्रवेश प्राप्त करें

**रतलाम।** शासकीय आईटीआई बाजना में सत्र 2024 पहले आओ पहले पाओ' प्रवेश हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (एक वर्षीय) (SCVT) के 34, फिटर (दो वर्षीय) (SCVT) व्यवसाय के 13 एवं स्विंग टेक्नोलॉजी (SCVT) व्यवसाय के 16 रिक्त सीटें है। इच्छुक आवेदक 30 सितंबर तक प्रवेश प्राप्त कर सकते है अधिक जानकारी के लिए www.dsd.ma¿.gaæv.in पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते है अथवा नजदीकी शासकीय औ.प्रशि.संस्था या शासकीय औ.प्रशि.संस्था बाजना (8827687146) से संपर्क कर सकते है।

## 55 विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल तथा 42 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई



**रतलाम।** संकल्प लेना बहुत अच्छी बात है बड़े से बड़ा संकल्प लीजिए, कोई आड़े नहीं आता। सफलता दूर रहती है अभिमान से, इसका कभी अहंकार ना करो, गिर कर भी उठ जाओ खुद को इतना तैयार करों। उक्त बात पद्मश्री डॉ. लीला जोशी ने ब्राह्मण समाज छात्रवृत्ति एवं आर्थिक सहायता न्यास रतलाम द्वारा छात्रवृत्ति वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कहीं । विद्यार्थियों को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए आपने आगे कहा कि माता-पिता अपने बच्चों से दूरियां नहीं बनाएं बल्कि उनसे दोस्तों की तरह व्यवहार करें। आज 90 प्रतिशत माता-पिता को शायद यह पता नहीं होता कि बच्चा घर से बाहर जाकर क्या करता है? बच्चों की भी अपनी समस्या होती है। उन समस्या को पेरेंट्स को सुनना चाहिए और बच्चों को सही मार्गदर्शन देना चाहिए।

कार्यक्रम का प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके पश्चात न्यास अध्यक्ष अमर सारस्वत ने छात्रवृत्ति एवं आर्थिक सहायता न्यास तथा प्रतिभा सम्मान के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा बताया कि ब्राह्मण समाज के छात्र- छात्राएं जो कक्षा 9 वीं से लेकर महाविद्यालयीन कक्षाओं में अध्ययनरत है उनको छात्रवृत्ति हेतु राशी न्यास में आवेदन करने पर प्रदान की जाती है। साथ ही वर्ष 2024 की हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन अंतिम परीक्षा में 80त्न या 8.0 जीपीएस प्राप्त सभी विद्यार्थियों को रजत पदक एवं प्रावीण्य प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाता है। इसी के तहत आज मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. लीला जोशी द्वारा 55 विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा 42 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष शरद चतुर्वेदी, सचिव अनुराग लोखंडे, कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र जोशी, प्रमीला सारस्वत, सुरेश दवे, राजेश तिवारी (एसबीआई), गायत्री तिवारी आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन विनिता ओझा एवं आभार सचिव अनुराग लोखंडे ने माना। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्य जनों द्वारा न्यास के न्यासी डॉ. डी.एन. पचौरी के निधन पर दो मिनिट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## श्री देवनारायण जी के जयकारों एवं ढोल ढमाको के साथ देवरा देवधर्मराज ध्वज यात्रा संपन्न

**रतलाम।** गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान श्री देवनारायण जी के अति प्रिय घोड़े लीलाधर के जन्मोत्सव के अवसर पर समस्त गुर्जर समाज द्वारा आयोजित श्री देवरा देव धर्मराज यात्रा ढोल धमाकों के साथ एवं भगवान श्री देवनारायण जी के जयकारों के साथ सालाखेड़ी स्थित श्री देवनारायण जी मंदिर पर ध्वज चढ़ाने के साथ समाप्त हुई। यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व धभाई जी का वास स्थित भगवान श्री देवनारायण जी का हार फूल एवं माला के साथ अभिषेक किया गया। उसके बाद पचरंगी ध्वज को भगवान श्री देवनारायण जी को अर्पण किया गया। यात्रा धाभाई जी का वास चार चक्की चौराहा जूनी कलाल सेरी थावरिया बाजार लंबी गली होते हुए उकाला रोड से सालाखेड़ी स्थित श्री देवनारायण जी मंदिर पर पहुंची जहां पर सालाखेड़ी मंदिर के पुजारी राजेश परिहार द्वारा ध्वज यात्रा की अगवानी की गई साथ ही ध्वज की पूजा करके समस्त ध्वजों को देवनारायण जी को अर्पण किया गया। मुख्य ध्वज को मंदिर शिखर पर चढ़ाया गया। यात्रा में देवनारायण जी के भक्त नाचते गाते हुए चल रहे थे। महिलाओं द्वारा मंदिर पर भजन भी किए गए ध्वज यात्रा में मुख्य रूप से मुरलीधर गुर्जर, राधे श्याम गुर्जर, रुपेश गुर्जर, दीपक गुर्जर, निलेश गुर्जर, राजेश गुर्जर, चेतन गुर्जर, दिग्विजय सिंह धभाई आदि बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुष एवं देवनारायण जी के भक्त उपस्थित रहे। अंत में खीर प्रसादी के साथ ध्वज यात्रा का समापन हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय परिचय ग्रंथ विश्वाकाश के चमकते सूर्य पर परिचर्चा आयोजित

इंदौर। विश्व साहित्यकार महासभा प्रकाशन पंजीकृत इंदौर मध्य प्रदेश द्वारा प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय परिचय ग्रंथ ..विश्वाकाश के चमकते सूर्य ..पर परिचर्चा विश्व हिंदी साहित्य संगीत कला संस्कृति अकादमी पंजीकृत इंदौर मध्य प्रदेश और हिंदी सेवा समिति संबलपुर उड़ीसा द्वारा श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति सभागार इंदौर में आयोजित की गई।

पुस्तक परिचर्चा एंव सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि इंदौर के समाजसेवी विश्व ब्राह्मण समाज संघ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पंडित योगेंद्र महंत अध्यक्षता पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय को कुलपति डॉ मिथिलेश प्रसाद त्रिपाठी सारस्वत अतिथि प्रसिद्ध लघु कथाकार कहानीकार श्री सूर्यकांत नागर जी पूर्व राजभाषा निदेशक श्री राज केसरवानी श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के प्रधानमंत्री अरविंद जवलेकर प्रयागराज के प्रोफेसर डॉ अमरजीत राम डॉ घनश्याम ठाकुर पुस्तक चर्चाकर हिंदी की प्रोफेसर डॉ मीनाक्षी स्वामी इंदौर पुस्तक के लेखक संकलक महाकवि डॉ प्रेमानंद सरस्वती, डॉ जगदीश चंद्र उपाध्याय की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। विश्वाकाश के चमकते सूर्य परिचय ग्रंथ में विश्व के पांच देशों के कुल 250 रचनाकारों का परिचय प्रकाशित किया गया है।

इस परिचय ग्रंथ में इंदौर के 35 साहित्यकारों का परिचय प्रकाशित हुआ है। जिनमें सर्वश्री डॉ रामकृष्ण सोमानी, डॉ विकास दावे श्री सूर्यकांत नागर, कृष्णकुमार अष्ठाना, डॉ शशिकला अवस्थी, उस्ताद रशीद शादानी, उस्ताद समद सोज,जगदीशचंद्र शर्मा निराश, राष्टीय कवि सत्यनारायण सत्तन, डॉ योगेंद्रनाथ शुक्ल, अरविंद जवलेकर, ज्योति जैन, डॉ पदमासिंह, डॉ नदिया मसंद,रंजना फतेहपुरकर, डॉ,मिनाक्षी स्वामी, पंडित योगेंद्र महंत, महाकवि डॉ प्रेमानंद सरस्वती, डॉ चंद्रा सायता, चित्रकार संदीप राशिनकर श्रुति राशिनकर, नाटककार सुनीलगणेश मतकर, नयन राठी, डॉ घनश्याम ठाकुर, दिनेश दानिश, डॉ दविंदर कौर होरा, सुनील वर्मा मुसाफिर, सदाशिव कौतुक, डॉ लीला मोरे धुलधोये डॉ शशिकला अवस्थी, कार्तिकेय त्रिपाठी शामिल है ।



संस्था द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में 51 (इक्यावन) शिक्षक प्रोफेसर व 25 साहित्यकारों प्रोफेसर डॉ श्याम सुंदर पलोड इंदौर, डॉ विद्यासागर उपाध्याय बलिया, रशीद अहमद शेख इंदौर, डॉ जगदीश चंद्र उपाध्याय इंदौर, प्राचार्य पंकज धुलधोये इंदौर, डॉ पुष्पा सूर्यवंशी इंदौर, डॉ शेलजा साबडे मराठी विभागाध्यक्ष इंदौर, प्राचार्य श्री अशोक वर्मा, श्रीमती रीना वर्मा, डॉ ज्ञानेश्वर तिखे, डॉ मीनाक्षी नागराजन, डॉ सरोज अजय, राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन, डॉ धर्मपाल शर्मा, श्री अरविंद जवलेकर, डॉ हेमलता आचार्य, डॉ अरुणा कुसुमाकर, डॉ मनोहर चित्रे, डॉ विमलाजैन ,डॉ वंदना अग्निहोत्री ,डॉ वसुंधरा पंवार ,डॉ बिंदु परस्ते ,डॉ विंध्या मरावी संगीत, डॉ शशी वस्तवार इंदौर, डॉ शशि कला अवस्थी इंदौर, डॉ सुरेश परदेसी चिकित्सक इंदौर, श्रीमती टीना साथ इंदौर, श्रीमती निधि दिक्षित शर्मा संगीत इंदौर ,डॉ श्रीमती गीता शर्मा कत्थक इंदौर, डॉ अमरजीत राम प्रयागराज, डॉ नलिनी जोशी इंदौर, डॉ तारा परमार उज्जैन, डॉ प्रियंका अतुलकर इंदौर, डॉ मीनाक्षी स्वामी इंदौर, श्री दीपेंद्र सिंह ठाकुर गायक इंदौरी, कविता विश्वकर्मा खंडवा, भूपेंद्र मौर्य खंडवा, तारकेश्वर चौरे खंडवा, सुनील चौरे उपमन्यु खंडवा, दीपक चकार चक्कर खंडवा ,डॉ अनिल गजभिए इंदौर ,श्री अनिल धाडवाईवाले इंदौर, डॉ आशीष धुलधोये इंदौर, पंडित अशोक चतुर्वेदी इंदौर, श्रीमती उषा राघव इंदौर, कुमारी प्रियंका मोरे इंदौर, श्रीमती प्रेमलता इंदौर ,हरीश साथी, इंदौर ,दिनेश दानिश इंदौर, डॉ लीला मोरे धुलधोये इंदौर ,सर्वश्री सूर्यकांत नगर इंदौर ,चंद्रभान भारद्वाज इंदौर, डॉ दविंदर कौर होरा इंदौर, श्रीमती गीता मरकाम इंदौर, मनोहर लाल वर्मा मधुर इंदौर ,श्री द्रोणाचार्य दुबे महू ,नरेंद्र कुरिल इंदौर ,श्री राजू घवारिया आशिक बीना, राजेन्द्र पांडे तपन इंदौर, श्री प्रीतम सिंह ठाकुर उज्जैन, दिनेश दानिश इंदौर को जीवन उपलब्धि विश्व साहित्य सम्मान एवं सार्वभौम जीवन उपलब्धि विश्व शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर पंडित योगेंद्र महंत, श्रीमती टीना साथ,यशवंतानंद, श्रीमती निधि दिक्षित शर्मा, डॉ घनश्याम ठाकुर को यूनिक यूनिवर्सल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड में प्रदान किया गया।

आभार डॉअमरजीत राम ने माना कार्यक्रम का सफल संचालन महाकवि डॉ प्रेमानंद सरस्वती ने किया।



जय गणेश मित्र मंडल पिछले 17 वर्षों से खजूरी बाजार तुलसीदास मंदिर पर गणेश जी का आयोजन करते आ रहे हैं इस वर्ष मां चामुंडा के समक्ष खजूरी बाजार का राजा के रूप में गणेश जी को स्वरूप दिया गया है प्रतिदिन महा आरती और प्रसादी वितरण की जाती है।

फोटो जर्नलिस्ट नवीन मौर्य




श्री बाल बालाजी मित्र मंडल द्वारा विगत 23 वर्षों से प्रकृति का ध्यान रखते हुवे मिट्टी से निर्मित श्री गणेश जी की स्थापना एवं पूजन किया जाता है और नित्य सुंदर सुंदर पोशाक श्रृंगार किया जाता है जय श्री गणेश।



इतवारिया बजार के गणेश



बालदा कलोनी गणेश

## वृक्षराज के रूप में भगवान गणेश विराजित



इन्दौर (नवीन मौर्य)। बालाजी ग्रुप पीरगली विगत् 20 वर्षों से निरंतर गणेश महोत्सव बना रहा है। जिसमे सामाजिक संदेश देने वाली गणेश प्रतिमा बना कर विराजित कर रहे है।

इस वर्ष *एक पेड़ माँ के नाम और वृक्ष लगाओ, वन बचाओ का संदेश देने वाली प्रतिमा बना कर विराजित की गई है। इसके पहले बालाजी ग्रुप द्वारा (बेटी बचाओ बेटी पड़ाओ, प्लास्टिक रिसाइकल, चंद्र यान, मतदान के लिए प्रेरित करते हुए, गोबर से निर्मित गणेश) इसी तरह के सामाजिक संदेश देने वाली गणेश प्रतिमा बना चुके है।

## चरण पादुका यात्रा

इंदौर। दाधीच ब्राह्मण समाज प्रदेश अध्यक्ष माननीय अभिषेक धनश्याम शर्मा जी के नेतृत्व में युवा शक्ति के साथ भव्य चरण पादुका पालकी यात्रा इस रूट से जांगड़ा पोरवाल धर्मशाला छत्रीबाग जाएगी। चरण पादुका यात्रा 11 सितंबर 24 चाणक्यपुरी चौराहा स्थित महर्षि दधीचि प्रतिमा स्थल दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होकर चल समारोह बग्गी में मां दधिमथी का फोटो पर माल्यार्पण कर पालकी में चरण पादुका पूजन अर्चन कर साथ में महिलाए भजन कीर्तन आतिशबाजी बैंड बाजा डमरू पार्टी करते हुए अन्नपूर्णा मंदिर, महूनाका चौराहा, जयरामपुर कालोनी, छत्रीबाग जांगड़ा पोरवाल धर्मशाला पहुंचेगी इस चल समारोह मे इन्दौर सम्पूर्ण दाधीच ब्राह्मण समाज प्रत्येक घर परिवार एकता का परिचय देंगे यह कार्यक्रम समाज इन्दौर के समस्त वरिष्ठों पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में हो रहा है?

## गणेश उत्सव मनाया जा रहा है



इंदौर। खातीवाला टैंक स्तिथ ब्रिलियंट हायर सेकंडरी स्कूल इंदौर में दस दिवसीय गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा। प्राचार्य इशीत कुमार मालवी ने बताया की विद्यालय में हमने इको फ्रेंडली गणेश जी की स्थापना की है तथा विधायर्थियो को रोटरी क्लब ऑफ इंदौर मार्शल के माध्यम से मिट्टी के गणेश जी बनाने का प्रशिक्षण भी देते है। इन दस दिनों में रोज नई नई प्रितियोगिताए,विधार्थियों के लिए जैसे रंगोली, मेंहदी, पुष्प सजाओ, भजन संध्या, कवि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। रोटरी इंटरनेशनल के रोटेरियन राजेंद्र सिंघी जी तथा रोटेरियन सरजीव भाई पटेल को मोटिवेशनल वक्ता के रूप में आमंत्रित कर विधार्थियों का ज्ञानवर्धन किया जावेगा। विद्यालय में रोज दो समय पूरे बच्चो एवम स्टाफ के सदस्यो को शामिल कर आरती पूजा की जाती है। उप प्राचार्य श्री राजेश कोडवानी, श्री विशाल यादव, डॉक्टर संजय कुमार मालवी, रखी नेनानी,सुनीता मैडम, मीता सरकार, प्राप्ति शुक्ला, विशेष रूप से उपस्थित रहकर बच्चो का उत्साह वर्धन किया।

## 3 लाख की ड्रग के साथ नशे का सौदागर पुलिस के हत्थे चढ़ा

इंदौर (मनीष शर्मा)। इंदौर पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध मादक पदार्थ तस्करो पर शिकंजा कसते हुए उन्हें अपने शिकंजे में लिया जा रहा है।इसी तारतम्य में अपराध शाखा ने एक नशे के सौदागर को 3 लाख की ड्रग के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध डकैती की योजना ,अवैध शरब ,मारपीट के अपराध पंजीबद्ध हैं।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि, खडे गणपति मंदिर के पास रेल्वे क्वाटर के सामने एम आर 4 रोड इंदौर क्षेत्र में एक व्यक्ति ब्राउन शुगर की तस्करी करने आने वाले है। उक्त सूचना पर टीम द्वारा कार्यवाही में मुखबिर के बताये स्थान पर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा, जिसने पूछताछ में अपना नाम मुशरर्फ उर्फ मोईन पिता स्व. हासम खान उम्र 40 साल निवासी जुना रिसाला सदर बाजार इंदौर का बताया ।

मौके पर आरोपी की विधिवत तलाशी लेते उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 30 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त की गयी। आरोपी के विरूद्ध थाना अपराध शाखा पर अपराध धारा 8/21एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर) की सप्लाई कर शहर की युवा पीढ़ी को नशे की लत लगाने का एवं आदतन आरोपियों के बीच अपना नेटवर्क फैलाकर काम करते थे। आरोपी से पुछताछ जारी है एवं अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर ) के स्रोत के संबंध में पतारसी की जा रही है।

## सायबर सुरक्षा के महत्व को समझे - डॉ वरूण कपूर

इंदौर। डॉ. वरूण कपूर- विशेष पुलिस महानिदेशक द्वारा "Black Ribbon Initiative" ''संदेश'' अभियान के अन्तर्गत चलाये जा रहे सायबर जागरूकता एवं सायबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत एमएसबी एजुकेशन इंस्टिट्यूट, इंदौर में दिनांक 09.09.2024 को 709वीं कार्यशाला में 200 छात्र-छात्राओं एवं 15 अध्यापकगणों को प्रशिक्षित किया गया ।



इस कार्यशाला में मुख्य रूप से सय्यदना साहेब के प्रतिनिधि शब्बीर भाई हुसामुद्दीन, एम.एस.बी. एजुकेशन इंस्टिट्यूट के सेक्रेटरी शेख खुमैजा पेटीवाला, अल मसूल शेख सैफुद्दीन मद्रासवाला एवं प्रधानाध्यापिका यास्मीन बुरहानी सम्मिलित हुये । कार्यशाला के प्रारंभ में सय्यदना साहेब के प्रतिनिधि शब्बीर भाई हुसामुद्दीन द्वारा डॉ. कपूर को शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

डॉ. कपूर ने बच्चों को संबोधित करते हुये बताया कि इन्टरनेट का उपयोग काफी बढ़ गया है किन्तु सुरक्षा मानकों की जानकारी एवं जागरूकता की कमी है ।

बच्चें भी इंटरनेट पर अपना काफी समय सोशल साइट्स फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स एवं वाट्सअप पर व्यतीत कर रहे हैं । सेमिनार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो छात्राओं क्रमशः सारा शाकीर एवं तस्लीम लेमनवाला को डॉ. कपूर ने प्रमाण-पत्र व गोल्डन बैज प्रदान कर सम्मानित किया ।

कार्यक्रम के अंत में सय्यदना साहेब के प्रतिनिधि शब्बीर भाई हुसामुद्दीन द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अल मसूल शेख सैफुद्दीन मद्रासवाला व प्राध्यापिका यास्मीन बुरहानी द्वारा प्रणाण पत्र डॉ. वरूण कपूर को भेंट किया गया। संचालन में निरीक्षक श्रीमती पूनम राठौर व उनकी टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## वार्ड क्रमांक 2 जूना बाजर में सार्वजनिक गणेश उत्सव की धूम



देपालपुर। नगर के वार्ड क्रमांक 2 जूना बाजर में सार्वजनिक गणेश उत्सव की स्थापना की गई है। यह उत्सव पिछले तीन वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पूरे मोहल्ले के रहवासी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और गणेश जी की आरती में शामिल होकर धर्म का लाभ उठाते हैं। इस वर्ष भी उत्सव में विशेष आयोजन किए गए। मनोज गौड़ परिवार द्वारा गणेश जी को 56 भोग अर्पित किया गया, जो कि एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है। मनोज परमार और गौतम चौहान द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया, जिससे सभी उपस्थित भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक आनंद प्राप्त किया। पूरे मोहल्ले में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है और सभी रहवासी मिलकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बना रहे हैं। गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना और आरती के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना हुआ है।

## महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज में गणेश उत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगितओं का आयोजन

इंदौर । महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साइंसेस, इन्दौर में गणेश स्थापना के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । इसके अंतर्गत कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसमें छात्र छात्राओं ने बड़े ही उत्साह से भाग लेकर प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों की 7 टीम बनाकर मायथोलॉजिकल प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बीए विभाग विभाग की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ व द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः बीएससी



बायो ग्रुप व बीकॉम विभाग की टीम रही । सभी स्थान प्राप्त टीमों को महाविद्यालय की ओर से नगद पुरस्कार दिए गए। इसके अंतर्गत द्वितीय दिवस पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली, विनायक स्केच प्रतियोगिता, शो योर टैलेंट प्रतियोगिता रखी गई है । इन सभी प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कालेज के अध्यक्ष डॉ. राम श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ.आनंद निघोझकर, एमबीए निदेशक डॉ. इरा बाफना के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष के साथ महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक डॉ. मनोज जोशी, डॉ. मितेश चौधरी, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. पुष्पेंद्र दुबे, डॉ. शीतल भसीन, डॉ. निलेश मंडलोई, प्रो. शिफा गोयल, प्रो. प्रज्ञा पालीवाल, डॉ. गीता सनेजा, डॉ. सुप्रिया बंडी, मौजूद थे। निर्णायक के रूप में प्रो. महिमा जैन, प्रो. प्रवीण शर्मा, डॉ. शैलेश हिरवे थे। प्रतियोगिता का संचालन प्रो. रिचा जोशी के द्वारा किया गया और अंत में आभार डॉ. मनोज जोशी ने माना।

## नन्हे मुन्नों का टैलेंट शो



इंदौर। बच्चों को प्रेरित करने और उन्हें अपनी प्रतिभा को विकसित करने के लिए सिक्का स्कूल हमेशा प्रोत्साहित करता है इसी को ध्यान में रखते हुए सिका प्री प्राइमरी में एक और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिका स्कूल सांघी कॉलोनी एवं बाल वाटिका -54 में आज दिनांक 09.09.24को टैलेंट शो आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों ने विभिन्न कलाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ,प्रधानाध्यापिका श्रीमति लीना सेबेस्टियन ने सभी के बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी बच्चे इसी तरह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहे।54 बाल वाटिका में जज के रूप में श्रीमती मितुश्री श्रीवास्तव जी एवं सिका सांघी स्कूल में श्रीमती अनीता सिंह जज के रूप में उपस्थिति रही।




## श्रीमद चमचा पुराण

सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ चमचों को मेरा सादर प्रणाम !बुजुर्ग हो चुके चमचों को सादर चरण स्पर्श !चमचे भी हर क्षेत्र में अपना- अपना एक अलग और उचित स्थान रखते हैं!इनकी मान प्रतिष्ठा का कोई सानी नहीं है!अलग -अलग क्षेत्रों में इनका पाया जाना और इनका महत्व दिन -प्रतिदिन बढ़ते जाना इस बात को पुष्ट करता है कि ,बिना चमचों के इस देश को, प्रदेश को कभी भी उन्नति की राह नहीं मिल सकती !सर्व प्रथम सबसे लोकप्रिय क्षेत्र राजनीति के चमचों पर ध्यान केंद्रित करना चाहूंगा।इन चमचों की क्वालिटी श्रेष्ठतम चमचों की श्रेणी में मानी जाती है! इस क्षेत्र में चमचे वही सफल माने जाते हैं, जिनकी रीढ़ सदैव नब्बे डिग्री में झुकी रहती है! इनके नारे लगाने की क्षमता इतनी होनी चाहिए कि जब अटल ज्योति आराम कर रही हो तब भी इनकी ध्वनि की टंकार अर्जुन के गांडीव की प्रत्यंचा की टंकार की भांति हलचल मचाने जैसी हो !नेताजी के नाम के जयकारों की गगनभेदी गूंज हो,अपने कचौरियों से फूले सुंदर मुखड़े पर 24म7 मुस्कुराहट होनी चाहिए! यही प्रमुख योग्यता इनकी सफलता की प्रथम सीढ़ी बनती है और नेताओं के प्रिय चमचों में प्रमुख स्थान पा जाते हैं!इनके गले में उस दल का पट्टा !भी चिर स्थाई परिलक्षित होना अनिवार्य होता है,बिजली की सी फुर्ती होना, पुष्प गुच्छ और पुष्प हार जो नेताजी को चढ़ाए जाते हैं उनको जितनी जल्दी हो सके अपने यथा स्थान पर पहुंचाने का गुण भी इनके विशेष चमचे होने को दर्शाता है।भीड़ में इनकी कोहनी की मार किसी लाठी से कम नहीं होना चाहिए !ताकि अवैध चमचे! वैध चमचे!

बनकर इनका स्थान ग्रहण करने की कोशिश में कामयाब न हो सकें !नेताजी ऐसे ही चमचों को प्राथमिकता से अपने समीप रखते हैं और यही चमचे नेताजी के नाम पर दलाली का पूरा कार्य सौंपे गए दायित्व की भांति करते हैं !किसी भी अधिकारी, कर्मचारी का स्थानांतर करवाना हो या कोई अन्य कार्य करवाने में जो चढ़ावा लिया जाता है!! वह इन्हीं के कर कमलों से ग्रहण किया जाता है!हर कार्य की दर सूची भी इन्हीं के पास उपलब्ध होती है! इसी प्रकार नगर पालिकाओं में ,नगर पंचायतों में, ग्राम पंचायतों में,मलाईदार विभागों में बजट आवंटन करवाना हो या ठेकेदारों का चयन किया जाना हो सभी कार्य यही भाई साहब किफायती दरों से करवाने में कुशल होना चाहिए! तभी इनकी पहुंच नेताजी तक होती है !नेता जी को भले पता न हो कि प्रमुख माने जाने वाले चमचे उनके नाम से निछावर ले रहे हैं!जो उन तक पहुंची ही नहीं! यह तो हुए राजनैतिक नेताओं के चमचे।अब आपके समक्ष चिर स्थाई शिक्षित शासकीय चमचों की विशेषता का बखान भी कर देता हूं !यह चमचे हर विभाग में बहुतायत से पाए जाते हैं!इनका प्रमुख गुण यह है कि ये वेल क्वालिफाइड! होने के साथ- साथ अप टू डेट रहते हैं! इनके बगल में हमेशां एक हैंड बैग दबा रहता है! इनकी धारण की गई वेश भूषा बड़ी ही आकर्षक होती है! !परंपरागत इनकी रीढ़ भी बहुधा राजनैतिक चमचे की भांति ही होती है!

इनका मुख्य कार्य, कार्यालय में और फील्ड में कौन से कर्मचारी इनके कथित अस्तित्व को नकार रहे हैं? उसकी बुराई! पेट भर कर अधिकारी से करना और उसके सत्वों को अटकाना बार- बार स्थानांतर करवा कर जगह- जगह भटकाना या ऐसे काम दिलवाना जिसमें सिवाय थकान के कुछ न मिले !रात- दिन गधे! की भांति कमर पर लादा( वजन) लिए घूमता रहे!सरकारी चमचा वही अपनी सफलता का डंका बजा सकता है! जो ऐसे पुण्य कर्मों में अधिकारी की जेबों को भरता रहे !!उपहारों को बंगले पर समय से पहुंचाता रहे!आने वालों से मिठाई के डिब्बे !और फलों के टोकरे! आसानी से ग्रहण कर साहब से वरदान प्राप्त करता रहे और हर पल तारीफ पाता रहे !प्रशस्ति पत्र खुद भी प्राप्त करे और अपने चहेते सेवा भावी निकम्मे! कर्मचारियों को भी दिलवाने को हमेशा तत्पर रहे!जो कर्मचारी ज्यादा स्मार्ट और बुद्धिमान हो उसकी मिथ्या बुराई कर करके उसकी सी आर खराब करता रहे!आए दिन उसके स्पष्टीकरण, कारण बताओ सूचना पत्र आदि घुड़की पत्र जारी करवाता रहे!वही सरकारी चमचा सफलता पाता है!

इसी प्रकार के जन्म जात कुशलता पाए चमचे हर क्षेत्र में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं ,जो काम कोड़ी का नहीं करते !परंतु अपने वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष उसकी चिंता अवश्य व्यक्त करते हैं और साथी कर्मचारियों को दुखी करने का पूरा इंतजाम करते हैं!आप सभी से कर बद्ध निवेदन है कि आप भी ऐसे हीरों (चमचों)को पहचाने और इन्हें निगलने का प्रयास न करें यह हीरे जान लेवा भी हो सकते हैं! !इनसे बचने के लिए एक ही सुझाव दूंगा कि इनके पास जो सफलता का मंत्र है ?आप भी इसी मंत्र का प्रयोग इन चमचों पर करें, ताकि इनके कोप से बच कर आप चैन की नींद सो सकें!

इति श्री मद चमचा पुराण प्रथमो अध्याय समाप्तः!!

**पंकज शर्मा तरुण**
**मोती महल गायत्री नगर**
**पिपलिया मंडी जिला मंदसौर (म. प्र.) 7000452012**

## लाइसेंस पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दी बधाई और व्यक्त किया आभार

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।**



उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा एयरपोर्ट को डीजीसीए लाइसेंस प्राप्ति पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई दी और आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में सतना के प्रभारी मंत्री एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजवर्गीय तथा रीवा के प्रभारी मंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट विंध्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार करेगा, साथ ही मध्यप्रदेश के आर्थिक विस्तार और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस लाइसेंस के साथ, रीवा एयरपोर्ट से जल्द ही हवाई सेवाओं की शुरुआत होगी, जिससे स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीवा एयरपोर्ट का संचालन क्षेत्र के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे विंध्य क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति को भी एक नई दिशा मिलेगी।

# दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाएंगे: मुख्यमंत्री डॉ.

## दुग्ध संघों के संचालन का दायित्व राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को देने पर बनी सहमति

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश, देश के कुल दुग्ध उत्पादन का 9 से 10 प्रतिशत उत्पादन करते हुए देश में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश के अनेक ग्रामों में किसान भाइयों को पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के लिए सुविधाएं प्रदान कर प्रदेश को देश में अग्रणी बनाने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मंत्रालय में मध्यप्रदेश में डेयरी विकास योजना, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं सांची दुग्ध संघ के कार्यों के संबंध में समीक्षा की। इस अवसर पर भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी सचिव श्रीमती अलका उपाध्याय, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड आनंद (गुजरात) के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक श्री मीनेश शाह भी उपस्थित थे। बैठक में मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन एवं एकत्रीकरण तथा सांची दुग्ध संघ के विषय में कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में मध्यप्रदेश राज्य कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और उससे जुड़े दुग्ध संघों का प्रबंधन और संचालन अगले पांच वर्ष के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा किए जाने पर सहमति बनी। इसके लिए आवश्यक स्वीकृति प्राप्त कर विधि संगत कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाकर किसानों और पुशपालकों की आमदनी बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय बोर्ड को दायित्व देने पर सहमति बनी है। आवश्यक हुआ तो इस कार्य के उद्देश्य से सहकारिता अधिनियम में आवश्यक संशोधन की कार्यवाही भी की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश और राजस्थान के पश्चात मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन में अग्रणी है। प्रदेश में प्रतिदिन साढ़े पांच करोड़ लीटर दुग्ध उत्पादन हो रहा है। प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता के मामले में मध्यप्रदेश की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। जहां देश में प्रति व्यक्ति 459 ग्राम प्रतिदिन दूध की उपलब्धता है वहीं मध्यप्रदेश में यह 644 ग्राम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगले पांच वर्ष में प्रदेश का दुग्ध उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य है। इसके लिए सहकारी आन्दोलन को मजबूत करने और किसानों एवं पशुपालकों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य होगा। प्रदेश के करीब चालीस हजार ग्रामों में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयास होंगे। वर्तमान में 10 से 15 हजार ग्रामों में दुग्ध उत्पादन की स्थिति संतोषजनक है। शेष ग्रामों में विभिन्न उपायों से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय से मिल रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। प्रारंभ में सचिव भारत सरकार श्रीमती अलका उपाध्याय और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की ओर से प्रजेंटेशन दिया गया।

बैठक में गोबर से रसोई ईंधन और आर्गनिक खाद प्राप्त करने के प्रयासों पर भी चर्चा हुई। आगर -मालवा में इस क्षेत्र में पहल की गई है। वर्तमान में प्रदेश में 233 संयंत्र स्थापित कर बॉयोगैस की सुविधा दी जा रही है। कम से कम दो या तीन पशु रखने वाले किसानों और पशुपालकों को गोबर के उपयोग की शिक्षा देते हुए इस लघु संयंत्र की स्थापना में सहयोग दिया जाएगा। इसके लिए किसानों को लगभग 10 हजार की राशि व्यय करनी होती है। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री श्री लखन पटेल, विधायक बैतूल श्री हेमन्त खण्डेलवाल, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव सहकारिता श्री अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य श्री ई. रमेश कुमार और प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास श्री गुलशन बामरा उपस्थित थे।

# मप्र सरकार जैसे ही मांग करेगी हम तत्काल खरीदी की अनुमति देंगे

## सोयाबीन खरीदी को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज बोले

**इंदौर। मप्र में सोयाबीन के दाम 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल किए जाने की मांग को लेकर किसान आंदोलित हैं। कांग्रेस सोयाबीन किसानों की मांग को लेकर जिलों में किसान सम्मेलन कर रही है। अलग-अलग किसान संगठन इस मांग को लेकर जिलों से लेकर गांवों तक प्रदर्शन कर रहे हैं।**

किसानों के आंदोलन के बीच केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कहा कि मध्य प्रदेश सरकार जैसी डिमांड करेगी वैसे केन्द्र सरकार सोयाबीन की खरीदी कराएगी। भोपाल में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोयाबीन को लेकर कहा नरेंद्र मोदी किसान हितैषी प्रधानमंत्री हैं। सोयाबीन का समर्थन मूल्य 4 हजार 994 रुपए प्रति क्विंटल तय है और हमारी प्रतिबद्धता है कि हम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों का सोयाबीन खरीदेंगे। किसानों को उसके पसीने की पूरी कीमत देना यह मोदी सरकार की भारतीय जनता पार्टी और एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता है।

### 3 राज्यों को मिली सोयाबीन खरीदी की मंजूरी



शिवराज सिंह चौहान ने कहा- सोयाबीन खरीदी के लिए योजना है महाराष्ट्र कर्नाटक जैसे तीन राज्यों ने सोयाबीन खरीदी की मांग की थी और उनको पीएसएस योजना के तहत सोयाबीन खरीदी की अनुमति दी गई है। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा मध्य प्रदेश की सरकार के हम संपर्क में है अभी सोयाबीन की फसल आने में थोड़ी देर है। हमारी दो योजनाएं खरीदी की हैं, उनमें से किसी भी योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश सरकार मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर सोयाबीन खरीदने की तैयारी करेगी तो हम तत्काल अनुमति देंगे। मोदी जी की प्राथमिकता है कि किसान को उसके उत्पादन का ठीक दाम मिले। अभी फसल आने में देर है और प्रदेश सरकार से हमारे अधिकारी संपर्क में हैं, जल्द ही फैसला होगा।

### एमएसपी पर होगी खरीदी

शिवराज सिंह चौहान ने कहा- मैं मध्य प्रदेश में किसान भाइयों को आश्वस्त करना चाहता हूं और मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी यह कहना चाहता हूं कि मिनिमम सपोर्ट प्राइस जो हमने तय किए हैं उस पर जो सरकार की योजना है। हम राज्य सरकार के साथ ही मिलकर खरीदी करते हैं तो राज्य सरकार जैसा चाहेगी तत्काल खरीदने की अनुमति दी जाएगी। मूंग खरीदी को लेकर शिवराज ने कहा- मूंग की खरीदी तो केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश में भी की है। जिन राज्यों ने खरीदी की मांग की है पीएसएस योजना के अंतर्गत मूंग की खरीदी की अनुमति भी केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश में दी थी और मैं समझता हूं कि मूंग की खरीदी लगभग पूरी हो चुकी है।

# दिवंगत पार्षद कमल लढ़ा के परिवार की अनदेखी भाजपा को महंगी न पड़ जाए ?



**प्रकाश महावर कोली**

**इन्दौर। इंदौरी अयोध्या कही जाने वाली विधानसभा 4 के वैश्य बाहुल्य क्षेत्र सुदामा नगर, गुमास्ता नगर एवं स्कीम नम्बर 71 को जोड़कर बनाया गया वार्ड 83 भाजपा का गढ़ माना जाता है, यहां जैन, माहेश्वरी, महाराष्ट्रीयन एवं मुस्लिम समुदाय के वोटों का प्रतिशत अधिक है, तथा अन्य समाज के वोट भी है, यह वार्ड भाजपाई का गढ़ माना जाता है, कमल लड्डा यहां से पार्षद रहे हैं, उनके निधन के बाद यहां हो रहे उपचुनाव के लिए 11 सितम्बर को मतदान होगा।**

उपचुनाव में जहां भाजपा ने लड्डा परिवार की अनदेखी कर विधायक मालिनी गौड़ समर्थक जीतू राठौर को चुनावी मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने अपने मंडलम अध्यक्ष विकास जोशी को अधिकृत उम्मीदवार के रुप में चुनावी समर में उतारकर भाजपा प्रत्याशी को चुनौती दी है, भाजपा को कहीं लड्डा परिवार की अनदेखी और उपेक्षा भारी न पड़ जाए यह तो परिणाम के बाद ही मालूम पड़ेगा, लेकिन चुनावी प्रचार और मतदाताओं की खामोशी दर्शा रही है, कांग्रेस प्रत्याशी विकास जोशी का व्यवहार, मधुरता, उनके व्यक्तित्व और उनकी मिलसारिता मतदाताओं को इस बार कांग्रेस को परचम लहराने का मौका देगी।

**वैश्य समाज बाहुल्य क्षेत्र वार्ड 83 रहा है भाजपा का गढ़**

**कांग्रेस प्रत्याशी का व्यवहार और मिलनसार व्यक्ति भारी, भाजपा प्रत्याशी पर**

### वार्ड 83 का उपचुनाव इन दिनों चर्चाओं में

भाजपा ने वार्ड 83 में भाजपा के दिवंगत पार्षद कमल लढ़ा के परिवार के अभिषेक लड्डा को टिकट ना देते हुए ओबीसी वर्ग के भाजपा कार्यकर्ता एवं विधायक समर्थक जीतू राठौर को टिकट दिया है। जबकि यह क्षेत्र वैश्य बाहुल्य वार्ड माना जाता है, इस वार्ड में कमल लड्डा 30 साल से भाजपा के लिए सक्रिय होकर काम कर रहे थे, और वार्ड का चुनाव 2022 में 8803 रिकार्ड मतों से जीतकर इंदौर ही नहीं पूरे प्रदेश में रिकार्ड बनाया था।

उनके निधन के बाद लड्डा परिवार का हक उपचुनाव में बनता था, लेकिन भाजपा ने लड्डा परिवार की अनदेखी कर ओबीसी वर्ग के जीतू राठौर को टिकिट दे दिया है। जो गौड़ परिवार के खास लोगों में गिने जाते थे। गौरतलब बात यह है कि पिछले कई चुनावों में भाजपा वार्ड 83 में यदि सर्वाधिक मतों से जीत रही थी, तो उसमें कमल लढ़ा और उनके परिवार की अहम भूमिका रहती थी। वार्ड के 5 हजार से ज्यादा माहेश्वरी समाज के वोटर्स हैं, जिनका शेयर 90 प्रतिशत से अधिक रहता था। लड्डा परिवार की बहू लता लढ्डा भी वर्ष 2015 का चुनाव 6600 मतों से जीती थी।

कलम लड्डा का कुशल व्यवहार और उनकी सक्रियता ही वार्ड में लोकप्रिय थी, वे इसी कारण 2022 में माहेश्वरी कांग्रेस प्रत्याशी आशीष लाहोटी को 8803 मतों से हरा कर पार्षद बने थे। उन्हें वार्ड में रहने वाले माहेश्वरी, जैन, ब्राह्मण, सिंधी, अग्रवाल, खंडेलवाल, मुस्लिम सभी वर्ग के वोटर्स का विशेष स्नेह मिलता था। लेकिन अबकी बार



भाजपा ने उनके निधन के बाद वार्ड में ओबीसी का ट्रंप कार्ड खेल कर जीतू राठौर को प्रत्याशी बनाया है। सूत्र कहते है कि जीतू राठौर भी सालों से गौड़ परिवार के साथ जुड़े होने के कारण ही विधायक मालिनी गौड़ एवं उनके पुत्र एकलव्य गौड़ के कारण ही भाजपा ने उन्हें टिकट देकर मैदान में उतारा है। उनकी उम्मीदवारी से लड्डा परिवार ने तो चुप्पी साध रखी है, लेकिन माहेश्वरी समाज और क्षेत्र के अन्य वैश्य समाज के कई सदस्यों में जीतू राठौर के टिकट को लेकर असंतोष नजर आ रहा है।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सामान्य वार्ड में ओबीसी वर्ग से उम्मीदवार देकर भाजपा ने सामान्य वर्ग की घोर उपेक्षा की है, जबकि कांग्रेस ने सामान्य वर्ग में ब्राह्मण उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। भाजपा से कई सामान्य वर्ग के लोगों ने टिकट के लिए प्रयास किए थे लेकिन उनकी उपेक्षा और कमल लड्डा के परिवार की अनदेखी भाजपा को भारी पड़ सकती है? क्षेत्रीय लोगों का तो यहां तक कहना है कि भाजपा लड्डा परिवार को टिकट देती तो वो दिवंगत पार्षद कमल लढ़ा को सच्ची श्रद्धांजलि होती।

वार्ड 83 सामान्य वर्ग का बाहुल्य वार्ड होने के साथ ही व्यापारिक एवं नौकरी पैशे से जुड़े लोगों का वार्ड है, ऐसे में कामकाजी वाले दिन यानि वर्किंग डे के दिन

11 सितंबर को मतदान होगा, इस कारण मतदान प्रतिशत पर भी इसका असर दिखाई देगा। हालांकि जिला कलेक्टर ने क्षेत्र में शासकीय अवकाश घोषित किया है, लेकिन व्यापारी वर्ग का वोट प्रतिशत भी होगा। वैसे भी देखा जाए तो यहां हो रहे उपचुनाव को लेकर मतदाताओं में कोई उत्साह दिखाई नहीं दे रहा है, फिर भी चुंकि यहां शिक्षित वर्ग रहता है, इसलिए अपने जनप्रतिनिधि के चयन में कोई कौर-कसर नहीं छोड़ेगा ऐसी उम्मीद भी जताई जा रही है।

अब देखना यह होगा कि सामान्य वर्ग का मतदाता पार्टी की विचारधारा को महत्व देगा या फिर उम्मीदवारों की योग्यता, मिलनसारिता, व्यवहार और उनकी काबिलियत को परखेगा। वैसे देखा जाए तो कांग्रेस का उम्मीद्वार विकास जोशी जो उच्च शिक्षित होकर स्वयं एक सिविल इंजिनियर है, जो वार्ड की मूलभूत समस्याओं को हल करने की काबिलियत रखते हैं, वे हमेशा अपने भाषणों में भी कहते नजर आते हैं कि भाजपा शासित नगर निगम ÷अनियोजित विकास और सुनियोजित भ्रष्टाचार÷ की तर्ज पर काम करती है। उनका यह वाक्य भी मतदाताओं को प्रभावित कर रहा है। इधर भाजपा ने जो ओबीसी उम्मीदवार के रुप में जीतू राठौर को मैदान में उतारा है वह केवल मिडिल तक ही शिक्षित हैं।

कुल मिलाकर देखे तो वार्ड 83 का चुनाव अबकी बार ये तय करेगा कि कांग्रेस यहां क्या हासिल करती है और भाजपा यहां क्या खोती है। कांग्रेस उम्मीदवार और पार्टी संगठन तो चुनाव में खासी ताकत झोंक रहे हैं। कांग्रेस के पास खोने को कुछ भी नहीं है लेकिन भाजपा के लिए ये वार्ड अबकी बार चुनौती जरूर बन हुआ है। अबकी बार चुनाव मैदान में भाजपा ने पहली बार वैश्य बहुल इलाके में ओबीसी का ट्रंप कार्ड खेला है, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी विकास जोशी विगत 10 वर्ष से अधिक समय से मंडलम अध्यक्ष के रुप में सक्रिय होकर वार्ड में अच्छी खासी पकड़ भी है।

उन्हें क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पप्पु मालवीय, विजय पूणेकर, आशीष लाहोटी, दिलीप कूदल, सुधीर सेठिया, दीपक सेठिया, निलेश भूतड़ा, सुधा मिश्रा, बबिता शर्मा, निधी चतुर्वेदी सहित शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिला मिमरोट, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे, पार्षद राजू भदौरिया का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जबकि भाजपा पार्षद प्रत्याशी जीतू राठौर के लिए विधायक मालिनी गौड़ और उनके पुत्र एकलव्य गौड़ किला लड़ा रहे हैं।

### कांग्रेस संगठन ने सम्हाला मोर्चा

वार्ड 83 में हो रहे उपचुनाव में देखने में आ रहा है कि कांग्रेस प्रत्याशी विकास जोशी के समर्थन में जिला एवं शहर कांग्रेस संगठन ने पूरी मुस्तैदी के साथ मैदान सम्हाला रखा है, यहां शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा से लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव सहित कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव, अमन बजाज, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे, पार्षद राजू भदौरिया, पार्षद पति सुदामा चौधरी, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया मिमरोट सहित पूरी कांग्रेस मैदान में हैं, जो मतदाताओं के पास जाकर नगर निगम के घोटाले, ज्वलंत समस्याओं और भाजपा की नफरत की राजनीति का खूब प्रचार कर मतदाताओं को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आग्रह ही नहीं कर रहे बल्कि दिवंगत पार्षद कमल लड्डा की अनदेखी का आरोप लगाकर भाजपा और क्षेत्रीय विधायक को घेरने में कोई कौर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com